नई सोच, नया आयाम


RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 147 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 1 अप्रैल 2024



पेज -7 पर

विश्व विख्यात भजन सम्राट का खरसिया आगमन 23 अप्रैल को, भगवा रंग में झूमेगा खरसिया



पेज -8 पर

बूंद - बूंद पानी को मोहताज सुगापारा के ग्रामीण

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रूपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राउंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


एक नजर

डिप्टी सीएम साव का पलटवार

## तथ्यों के आधार पर हुई है कार्रवाई



**रायपुर।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक प्रियांक खरगे के केंद्रीय जांच एजेंसियों के बीजेपी की फ्रंटल संस्थाएं बताए जाने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कांग्रेस के नेता ऐसा कह रहे है. ईडी ने कार्रवाई की है, तो किसी को जमानत नहीं मिली. साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है. भाजपा को किसी को बिना आधार के फंसाने की जरूरत नहीं है. इसे भी पढ़ें = रामलला को गर्मी के हिसाब से पहनाए गए वस्त्र, जानिए क्या है कपड़ों की खासियत? दिल्ली में आज इंडिया गठबधंन की रैली पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जो जेल में बंद हैं, उसके समर्थन में ये आंदोलन कर रहे है. इसका जवाब जनता उन्हें देगी. वहीं जमीन रजिस्ट्री शुल्क में 30 प्रतिशत की छूट के आज से समाप्त होने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले 5 साल में कांग्रेस ने किसके लिए काम किया. कांग्रेस ने अपने लोगों को लाभ देने की व्यवस्था की थी. वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि क्यों और किसके लिए किया. हमारी सरकार में वो योजना लागू नहीं होगी. वहीं चुनाव के समय में ही आईडी और ईडी के कार्रवाई करने के कांग्रेस के बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि देशभर में इनकी कार्रवाई लंबे समय से चल रही है. आज इनकी कार्रवाई शुरू हुई ऐसा नहीं है।. वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर आज होने वाली कांग्रेस की बैठक पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस हार मान चुकी है।

# एसईसीएल छाल में चल रहा ब्लास्टिंग अधिकारी की मनमानी, किसी समय कर दे रहे ब्लास्टिंग

### ब्लास्टिंग से घर में पड़ रहे दरार, टीवी कुलर हो रहा ब्लॉस्ट

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

छाल एसईसीएल की मनमानी के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छाल कोयला खदान में अधिकारियों द्वारा किसी भी समय ब्लास्टिंग कर दिया जा रहा है। शासन के नियमानुसार खदान में ब्लास्टिंग करने का एक समय निर्धारित किया जाता है,

निर्धारित समय पर ही खादन में ब्लॉस्टिंग करना है ना कि किसी भी समय, लेकिन छाल एसईसीएल में दिन में दो बार किसी भी समय ब्लॉस्टिंग किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों के




घरों में दरार पड़ने लगे हैं, ग्रामीणों ने बताया कि छाल एसईसीएल खदान के कारण पीने के पानी का भी भारी समस्या हो रहा है, ग्रामीणों ने बताया कि एसईसीएल कंपनी द्वारा ग्रामीणों को पीने का पानी का कोई व्यवस्था नहीं कर रहे हैं।

#### ब्लास्टिंग इतना जबरदस्त की टीवी, कम्प्यूटर हो रहे ब्लॉस्ट

छाल कोयला खदान में इतनी जबरदस्त ब्लास्टिंग किया जा रहा है कि लोगों के घर में तो दरार पड़ ही रहे हैं साथ ही साथ लोगों के इलेक्ट्रानिक सामान भी खराब हो रहे हैं, बताया जा रहा है कि एक शिक्षण संस्थान में लगे कम्प्यूटर सेट ही इनके ब्लॉस्टिंग के कारण ब्लॉस्ट हो गया है। एसईसीएल की

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



ब्लॉस्टिंग के कारण छाल, ऐडू क्षेत्र के कई ग्रामीणों के घर में बड़े-बड़े दरार पड़ गये हैं।

#### अधिकारी कुछ भी बताने को तैयार नहीं

छाल एसईसीएल खदान में नियम विरूद्ध किये जा रहे ब्लॉस्टिंग के संबंध में ब्लॉस्टिंग अधिकारी सरोज नायक से उनके मोबाईल नंबर में बात करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार करते हुए फोन काट दिया, दूबारा फोन करने पर उनके द्वारा फोन रिसिव नहीं किया गया है। ब्लॉस्टिंग अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं देने के कारण हमारे द्वारा एसईसीएल मैंनेजर डांगी से संपर्क करने पर डांगी भी किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दिये हैं।

घायल युवक से मिलने पहुचे गृहमंत्री शर्मा

## 'इंसान हो या जानवर किसी को नहीं पहचानता आईईडी'



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 11 मार्च को आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए युवक को रायपुर के निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया है। आज उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा उनसे मिलने अस्पताल पहुंचे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने घायल युवक और उनके परिजन से मुलाकात की।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, घटना 11 मार्च की है जब आईईडी की चपेट में आने से युवक घायल हुआ था। इंफेक्शन पूरे पैर में फैल गया है। युवक का दाहिना पैर काटना पड़ेगा। यह कोई सुरक्षाकर्मी नहीं है। लेकिन आईईडी किसी को नहीं पहचानता है। पता नहीं कितने सिविलियन और जानवर इससे घायल होते होंगे। 11 मार्च को घायल होने के बाद नक्सलियों ने युवक को वहीं रोके रखा जिससे कि यह बात प्रचारित न हो। लेकिन जब गांव वालों ने उनपर दबाव बनाया और कहा कि, युवक मर जाएगा तब जाकर उसे अस्पताल ले जाया गया। जब युवक वहां पर नहीं संभला तो कल उसे रायपुर रेफर किया गया। फिलहाल उसका इलाज जारी है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे कहा कि, ऐसा लगने लगा है कि, बस्तर के गांवों में विकास के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा आईईडी है। इसकी चपेट में आने से ग्रामीणों और जानवरों की जिंदगी खतरे में आ जाती है।

मैं घायल युवक से मिला। युवक की स्थिति काफी गंभीर है। मसला यह है कि, इन नक्सलियों से कौन बचा है? क्या सुरक्षाकर्मी, क्या ग्रामीण, क्या जानवर और प्रकृति सभी को नुकसान की जद में हैं।

मोदी ने छत्तीसगढ़ को मनमोहन से ज्यादा दिया

## 10 सालों में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को दिए 3 लाख 80 हजार करोड़, किताब में दावा

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के कई दावे सामने आ रहे हैं। अब एक दावा सामने आया है, इसमें कहा गया है कि बीते 10 सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ को साल 2014 से 2024 तक कुल 3 लाख 80 हजार करोड़ रूपए दिये गये हैं जबकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने 2004 से 2014 तक छत्तीसगढ़ को केवल 83 हजार करोड़ रूपए ही दिये थे।

ये दावा छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और पेशे से CA अमित



चिमनानी की किताब मोदी मैजिक में किया गया है। अमित बताते हैं कि मोदी सरकार ने 10 सालों में छत्तीसगढ़ को लगभग जीएसटी की मद, कॉर्पोरेट टैक्स और इंकम टैक्स जैसी दर्जनों मद से ये रकम दी है। कांग्रेस सरकार का कम फंड्स जारी करना प्रदेश के प्रति उनके सौतेले व्यवहार को दिखाता है। किताब में ये दावा सरकारी विभागों से मिली आधिकारिक जानकारी के बाद किया गया है।

#### इन आंकड़ों पर कांग्रेस बात नहीं कर सकते

*इस किताब को छत्तीसगढ़ में लॉन्च करने का एक कार्यक्रम रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी हुआ। यहां बीजेपी छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी, बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन ने कहा- किताब में दिए यूपीए सरकार के 10 साल और मोदी सरकार के 10 सालों के आंकड़ों से स्पष्ट है मोदी सरकार में कांग्रेस के 55 सालों से ज्यादा का काम हुआ है।*

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

### मोदी सरकार की विफलता और कांग्रेस की न्याय गारंटी रहेगा चुनावी मुद्दा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दो महत्वपूर्ण बैठक ली. पहली बैठक प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं की हुई और दूसरी बैठक जिलो के प्रभारी, पदाधिकारियों की हुई. बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इस चुनाव में हमें दो महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है. पहला मोदी सरकार की 10 वर्ष की विफलता



वादाखिलाफी और दूसरा कांग्रेस ने जनता हर वर्ग के लिए 5 गारंटी दी है, उनको हर मंच से हमे जनता के बीच उठाना है. आगे दीपक बैज ने कहा, नारी न्याय में हर महिला को सालाना 1 लाख रुपए देने की गारंटी कांग्रेस ने दिया है. किसानों को एमएसपी देने के लिए कांग्रेस कानून बनाएगी. मनरेगा मजदूरों की मजदूरी कांग्रेस 200 से बढ़ाकर 400 करने की गारंटी देती है. साथ कांग्रेस 30 लाख युवाओं को रोजगार देने की गारंटी देती है.

डॉक्टर दवा भी देंगे राजनीतिक सलाह भी

## भाजपा ने चिकित्सकों से कहा- लोगों को बताएं मोदी सरकार के काम, बृजमोहन बोले- आप धरती के भगवान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डॉक्टर साहब लोगों को दवा भी देंगे और राजनीतिक सलाह भी । भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर में चिकित्सकों का एक बड़ा सम्मेलन किया। यहां डॉक्टर्स बुलाकर कहा गया है कि लोगों को मोदी सरकार के कामकाज भी बताएं । इस सम्मेलन में शामिल होने वाले अधिकांश चिकित्सक भारतीय जनता पार्टी से ही जुड़े हुए थे। ये डॉक्टर लोकसभा चुनाव के माहौल में अब दवा की पर्ची के साथ वोटर तक PM मोदी की चुनावी अर्जी भी पहुंचाएंगे। रायपुर के




मेडिकल कॉलेज में बने स्व. अटल बिहारी बाजपेयी सभागृह में ये कार्यक्रम हुआ। भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के इस महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने कहा आज मैं धरती के भगवानों से जीत का आशीर्वाद लेने आया हूं। 23 सालों से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने रिकार्ड मतों से जीतने का इतिहास बनाया है। अब लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीतने का इतिहास भी आप लोगों के सहयोग से बनाने जा रहे हैं।

#### बृजमोहन की अपील

*डॉक्टर्स से बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- रायपुर लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अब मात्र 33 दिन ही बचे हैं और इन दिनों में हमें देश के साथ ही छत्तीसगढ़ को विकसित, विकासशील बनाने, नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर काम करना होगा। 7 मई को कमल का बटन दबाए ताकि 4 जून को कमल का फूल ही फूल नजर आए।*

## बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में, सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत नहीं मिल रही- पीएम

मेरठ । लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 31 मार्च को यूपी के मेरठ में पहली रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मिलकर एक INDI गठबंधन बनाया है। इनको लगता है कि मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।



पीएम ने कहा, 'आज बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी सलाखों के पीछे हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही। इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा।

देश ने 10 साल में विकास का ट्रेलर देखा है। ये चुनाव सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए है। आपने देखा है कि ब्रज में कान्हा-राधा होली खेलते हैं। इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली।' पीएम मोदी ने करीब 45 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने राम-राम से भाषण शुरू किया और भारत माता की जय पर खत्म किया।

इस दौरान सीएम योगी और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के साथ मंच पर सहयोगी दलों के 4 नेता मौजूद रहे। इनमें RLD प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर, निषाद पार्टी के संजय निषाद शामिल हैं।

#### पीएम बोले- चाहे जितना बड़ा भ्रष्टाचारी हो, उसके खिलाफ एक्शन होगा

*पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें। मोदी पर चाहे, जितने भी हमले कर लें। यह मोदी है। रुकने वाला नहीं है। चाहे जितना भी बड़ा भ्रष्टाचारी हो, एक्शन होगा। जरूर होगा। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है।*

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है।

मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है। शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई।



शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है।

जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं। हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है। इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं।

- उमेश चतुर्वेदी

## संपादकीय

### मजबूत बैंकिंग जरूरी

तकरीबन एक दशक तक फंसे कर्ज यानी गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में इजाफा होने तथा जोखिम आंकने, खासकर कॉर्पोरेट ऋण के जोखिम के अंकन में शिथिलता के बाद अब देश का बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है। उसका मुनाफा बढ़ रहा है और निवेशकों का विश्वास नए सिरे से बहाल हो रहा है।

हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री तथा इंडिया बैंक्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। सर्वेक्षण में 23 बैंकों को शामिल किया गया था और उसने दिखाया कि बैंकिंग क्षेत्र कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें परिसंपत्ति की गुणवत्ता तथा ऋण वृद्धि शामिल थी।

सर्वे के निष्कर्षों में यह भी कहा गया कि बैंक अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) व्यवस्था को अपनाने को भी तैयार हैं और वे जलवायु अनुकूलन तथा उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। इसमें पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियां अपनाने को आर्थिक मदद देने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा तटीय इलाकों में जैव ईंधन का इस्तेमाल रोकने जैसे कदम शामिल हैं। ये पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) पहलों का हिस्सा हैं। सर्वेक्षण में शामिल बैंकों में से 83 फीसदी ने कहा कि उनके ऋण मानक आसान हुए हैं या अपरिवर्तित रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक वृद्धि का अनुमान दर्शाया, एनपीए में कमी आने की बात कही और कहा कि क्षेत्रवार जोखिम में कमी आने की उम्मीद है।

# 47 वर्षो बाद फिर रायबरेली-अमेठी से गांधी परिवार को वनवास !

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है। कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा-बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबरली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था,लेकिन 47 वर्षो के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है। गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों बार विरासत एक बड़ा मुद्दा था। पहले चुनाव में वारिस कौन तो दूसरे चुनाव में असली गांधी कौन की गूंज। यह बात अलग है कि दोनों चुनावों में शिकस्त खाने वाले गांधी ने दोबारा से अमेठी की तरफ घूमकर भी नहीं देखा। वर्ष 1980 में संजय गांधी ने यहां से पहली बार जीत दर्ज की। उसी साल विमान हादसे में उनकी मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी मैदान में उतरे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद सियासत ने रंग दखाना शुरू कर दिया। वर्ष 1984 का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने उनके स्वर्गीय छोटे भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी ने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मोर्चा खोल दिया। 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरने वाली मेनका गांधी ने 1982 से ही अमेठी में सक्रियता बढ़ा दी थी। ऐसे में जब वह 1984 में चुनाव में उतरीं तो अमेठी की जनता उलझन में पड़ गई। एक ओर इंदिरा की हत्या के बाद जनता की सहानुभूति राजीव गांधी के साथ थी तो वहीं दूसरी ओर अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव, लेकिन बाजी राजीव ने ही मारी। वर्ष 1984 में राजीव गांधी को प्रचार के लिए पहली बार सोनिया गांधी को मैदान में उतारना पड़ा। हालांकि उस वक्त सोनिया ने कोई सभा तो नहीं की, लेकिन वह घर-घर जाकर महिलाओं से मिल रही थीं। पूरे चुनाव तक उन्होंने ही प्रचार की बागडोर संभाली।




गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है।


दूसरा मुकाबला वर्ष 1989 में हुआ, जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी ने ताल ठोंक दी। उस वक्त जनता दल व भाजपा ने संयुक्त रूप से राजमोहन गांधी पर भरोसा जताया था। इस चुनाव में असली बनाम नकली गांधी का मुद्दा खूब उछला। कई बड़े दिग्गज नेताओं ने सभा की। आरोप प्रत्यारोप के खूब शब्दवाण चले, लेकिन अमेठी की जनता ने एक बार फिर राजीव गांधी का साथ दिया, लेकिन इससे उलट आज अमेठी-रायबेरली में गांधी परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। 1977 से लेकर अब तक यह पहला मौका है, जब कांग्रेस टिकट को लेकर उलझन में है।

- विवेक एस अग्रवाल

## मिला जुला

### एक नजर

#### बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका, अनिल शर्मा ने पार्टी से दिया इस्तीफा



पटना। बिहार में कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रविवार को राजधानी पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि मैं राजद से गठबंधन का विरोधी हूं। कांग्रेस का राजद से गठबंधन आत्मघाती है। कांग्रेस ने राजद से गठबंधन कर अक्षम अपराध किया है। उन्होंने कहा कि 1985 में मैंने कांग्रेस की सदस्यता ली थी और 39 साल तक पार्टी की सेवा की, लेकिन आज जो भी कुछ हो रहा है उसे देखकर मन काफी दुखी है और इस कारण से मैंने पार्टी से अलग होने का फैसला लिया है। अनिल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी समझौता करती रही। राहुल गांधी जब अध्यादेश फाड़े तो सराहना मिली। आज वे लालू यादव के साथ मटन खा रहे हैं। 1999 के बाद कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र ख़त्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि बेचारे मल्लिकार्जुन खरगे (कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष) रिमोट से चलते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जम्मू में मोहब्बत की दुकान लगानी चाहिए। सड़क पर कहने से लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद का आपसी समझौता है। यह टूटने वाला नहीं है, जो प्रदेश के लिए घातक है। राजद जीता तो जंगलराज की वापसी हो जाएगी। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में जंगलराज की वापसी होगी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध कर सोनिया गांधी ने सांप्रदायिक नेत्री का परिचय दिया है। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है। पप्पू यादव का महिमा मंडन किया गया।

# 'कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं...'

# श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप सौंपने पर पीएम मोदी ने बोला हमला

**नई दिल्ली।** कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को हस्तांतरित करने के मामले में नए खुलासे के बाद चुनावी मौसम में कोलाहल मच गया है. कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को देने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान साल 1974 में एक समझौता किया गया था, जिसके तहत भारत ने इस द्वीप पर पड़ोसी देश के दावे को स्वीकार कर लिया था. नए खुलासे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को आड़े हाथ लिया है. उन्होंने कहा कि यह आंख खोलने और चौंकाने वाला है. कांग्रेस ने कच्चातिवु को कैसे जाने दिया, इसको लेकर नए खुलासे हुए हैं. इससे हर भारतीय में गुस्सा है.

कच्चातिवु आईलैंड को श्रीलंका को सौंपने वाले करार को लेकर नए तथ्य सामने आने के बाद पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने अपने X अकाउंट पर पोस्ट किया, 'आंख खेलने और चौंकाने वाला! कांग्रेस ने किस तरह से कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को दे दिया था, इसको लेकर नए तथ्य सामने आए हैं. इससे हर भारतीय गुस्से में हैं और लोगों के मन मस्तिष्क में एक बार फिर से यह बात पुष्ट हुई है- हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते. कांग्रेस का पिछले 75 साल से काम करने का एक ही तरीका रहा है- देश की एकता, अखंडता और भारत के हितों को कमजोर करना.'

तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को देने वाले करार को लेकर सूचना का अधिकार कानून के तहत आवेदन दिया था. इसको लेकर जो जवाब मिला है, उसमें कई नए तथ्य सामने आए हैं. बता दें कि कच्चातिवु आइलैंड पाक स्ट्रेट (पाक जलडमरूमध्य) में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1.9 वर्ग किलोमीटर है. वर्ष 1974 में एक समझौत के तहत भारत ने कच्चातिवु द्वीप पर श्रीलंका के दावे को स्वीकार करते हुए हस्तांतरित कर दिया था. बता दें कि कच्चातिवु द्वीप पर यह रिपोर्ट ऐसे समय सामन आई है, जब कुछ सप्ताह के बाद ही लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पहले चरण का मतदान होना है.



#### क्या बोली कांग्रेस?

कांग्रेस की ओर से भी कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर प्रतिक्रिया समाने आई है. पार्टी प्रवक्ता ए. नारायणन ने कहा कि देश की एकता के मसले पर भाजपा को बोलने का कोई अधिकार नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि इंदिरा गांधी को छोड़ दिया जाए तो कोई भी दूसरा नेता इतना बहादुर और साहसी नहीं था. कांग्रेस ने तमिलनाडु के किसानों के लिए काफी कुछ किया है. कच्चातिवु द्वीप पर करार के बाद आपातकाल के दौरान भी एक समझौते पर हस्?ताक्षर किया गया था. 23 मार्च 1976 में हुए समझौते में मन्नार की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी का उल्लेख था.

# राष्ट्रपति ने घर जाकर आडवाणी को 'भारत रत्न' से किया सम्मानित, पीएम मोदी भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और दिग्गज बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी को आज 'भारत रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी के घर जाकर उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया और इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे. तबियत ठीक नहीं होने की वजह से आडवाणी शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए गए अलंकरण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे.

#### शनिवार को आयोजित हुआ था सम्मान समारोह

राष्ट्रपति ने शनिवार 30 मार्च को राष्ट्रपति भवन में 4 शख्सियतों को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया था. इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं. चारों शख्सियतों के परिजनों ने राष्ट्रपति भवन में यह सम्मान हासिल किया. नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया. जब फरवरी 2024 में आडवाणी को भारतरत्न देने का ऐलान किया तो उन्होंने इस पर खुशी जताई. जब आडवाणी ने कहा, 'लालकृष्ण आडवाणी ने अपने बयान में कहा, 'मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं जो आज मुझे प्रदान किया गया है. यह न सिर्फ एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने की कोशिश की.'

# जेलेंस्की के मंत्री से मोदी ने क्यों किया किनारा?

## भारत-रूस दोस्ती के बीच क्या करना चाहता था यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा 29-30 मार्च को दो दिन के नई दिल्ली दौरे पर रहे। विदेश मंत्री के रूप में ये उनका पहला भारत दौरा था। उनकी यात्रा का मुख्य मिशन भारत को गर्मियों में स्विटरलैंड में होने वाले संभावित 'शांति शिखर सम्मेलन' में शामिल होने के लिए मनाना था। इस सम्मेलन के बहाने यूक्रेन की कोशिश राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के शांति फॉर्मूले के साथ भारत को जोड़ना है, जिसे उन्होंने नवम्बर 2022 में दिया था।



कीव की कोशिश ये भी है कि वह भारत के दोस्त रूस की जगह ले सकता है लेकिन उनका ये सपना फिलहाल केवल एक सपना ही रहने की संभावना है। इसके संकेत तब साफ दिखाई दिए जब यूक्रेनी विदेश मंत्री के दो दिन तक नई दिल्ली में रहने के बावजूद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे मुलाकात नहीं की। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री सुब्रण्यम जयशंकर से मुलाकात की। बातचीत के बारे में यूक्रेनी विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, 'नई दिल्ली में मैंने यूक्रेनी-भारत द्विपक्षीय संबंधों, हमारे क्षेत्रों की स्थिति और वैश्विक सुरक्षा के बारे में डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर के साथ ईमानदार और व्यापक बातचीत की।

# एक अप्रैल को एलपीजी सिलेंडर होगा सस्ता!

#### 6 महीने में तीसरी बार राहत के संकेत



**नई दिल्ली।** कल यानी 1 अप्रैल ने नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत हो रही है। फाइनेंशियल ईयर के पहले दिन ही कई ऐसे बदलाव होंगे, जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। ऐसा ही एक बदलाव एलपीजी सिलेंडर की कीमत से जुड़ा है। दरअसल, सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमत को निर्धारित करती हैं। इसी कड़ी में अप्रैल महीने की एलपीजी सिलेंडर की कीमत तय होगी। लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि सिलेंडर की कीमत में कटौती हो सकती है।

**100 रुपये की मिली है राहत :** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला दिवस यानी पर 8 मार्च को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट देने की घोषणा की थी। पीएम मोदी ने कहा था- इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

बता दें कि इस कटौती के बाद अब देश की राजधानी दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये है। वहीं, उज्जवला योजना के लाभार्थियों को इस कीमत पर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मिलती है। ऐसे में लाभार्थियों के लिए एलपीजी सिलेंडर 503 रुपये में उपलब्ध है।

# निर्वाचन प्रेक्षकों एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने लिया अभ्यर्थियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का बैठक

## आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्वाचन पर बल

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत रविवार को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के सामान्य प्रेक्षक डॉ. जे.गणेशन एवं व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान सहित कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री विजय दयाराम के. द्वारा अभ्यर्थियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की गई।




सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने कहा कि निर्वाचन प्रकिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थी और राजनीतिक दलों द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न कराने में सहयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की समस्या, शिकायत, सुझाव और सहयोग के लिए उपलब्ध है। बैठक में सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन द्वारा निर्वाचन प्रकिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों और राजनीतिक दलों को प्रचार के दौरान किये जा रहे रैली, आमसभा, जुलुस में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू किये गये आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा गया। वहीं व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बंधित जानकारी दी गई और किसी भी अभ्यर्थी को व्यय से सम्बंधित किसी भी प्रकार का सहयोग की आवश्यकता हो तो जिला पंचायत भवन में संचालित व्यय अनुवीक्षण सेल से सहयोग लेने की अपील की गई।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री विजय दयाराम के.ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील करते हुए अभ्यर्थियों तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता के पालन, कोलाहल अधिनियम के तहत प्रचार करना, विभिन्न आवश्यक अनुमति प्राप्त करने की जानकारी के साथ ही शिकायत निवारण प्रणाली हेतु जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के अलावा सी-विजिल एप्प के संबंध में भी जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल,नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री भरत कौशिक,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा तथा अन्य अधिकारी और लोकसभा निर्वाचन में शामिल अभ्यर्थी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद थे।

रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए एक और उड़ान

# पहले दिन 57 यात्रियों को लेकर बस्तर पहुंची फ्लाइट, वाटर कैनन से स्वागत; किराया 2299 रुपए

**जगदलपुर।** रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद के लिए एक और नियमित विमान सेवा शुरू हो गई है। इंडिगो की फ्लाइट रविवार को 57 यात्रियों को लेकर हैदराबाद से जगदलपुर पहुंची। एयरपोर्ट पर वाटर कैनन से उसका स्वागत किया गया। इसके बाद 32 यात्रियों को लेकर फ्लाइट ने रायपुर के लिए उड़ान भरी।




फ्लाइट का शुरुआती किराया रायपुर-जगदलपुर के बीच 2299 रुपए है, लेकिन बाद में सीटों के हिसाब से इसे तय किया जाएगा। इंडिगो एयरलाइंस के मुताबिक, यह फ्लाइट हर दिन हैदराबाद से सुबह 10:50 को उड़ान भरेगी और 12:30 बजे जगदलपुर पहुंचेगी।

जगदलपुर से दोपहर 12:50 बजे उड़ान भरकर दोपहर 1:50 बजे रायपुर पहुंचेगी। वहीं, रायपुर से दोपहर 2:10 को उड़ान भरने के बाद 3:10 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी। इस फ्लाइट में एक बार में 72 यात्री यात्रा कर सकते हैं।

### अलायंस एयर की फ्लाइट भी दे रही सेवा

अभी जगदलपुर, रायपुर और हैदराबाद के बीच अलायंस एयर की फ्लाइट करीब 3 साल से नियमित उड़ान भर रही है। अब इसी रूट पर इंडिगो की फ्लाइट शुरू होने से यात्रियों को बड़ा फायदा होगा। फ्लाइट में सीट न मिलने जैसी समस्या नहीं होगी।

**बस्तर के लोगों को फायदा**

एक और फ्लाइट शुरू होने से इसका सीधा फायदा बस्तर के लोगों को होगा। सड़क मार्ग से इन दोनों शहर जाने के लिए करीब 10 से 12 घंटे का समय लगता है। अब दोनों शहर हवाई मार्ग से जुड़ गए हैं। बस्तर से हैदराबाद के लिए लोग ज्यादातर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं।

अवैध शराब बिक्री पर गीदम पुलिस की कार्यवाही

# हारम रोड़ मुरूम खोदरा के पास मेनरोड़ गीदम में अंग्रेजी शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध गीदम पुलिस की नियमित चेकिंग अभियान जारी

**दंतेवाड़ा।** जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अपराधों की रोकथाम एवं असामजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमान गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं श्रीमती उन्नति ठाकुर एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में गीदम पुलिस लगातार अवैध कार्यो में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। दिनांक 30.03.2024 को नियमित चेकिंग अभियान के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर अवैध रूप से अंग्रेजी



शराब बिक्री कर रहे आरोपी भगतराम नाग पिता मयाराम नाग उम्र 24 वर्ष निवासी पोन्दूम बाण्डापारा, थाना दन्तेवाड़ा जिला दन्तेवाड़ा छ0ग0 को पकड़ा गया जिसके कब्जे से अंग्रेजी शराब 10 नग हैवर्ड 5000 कम्पनी बीयर, प्रत्येक में 650 एमएल, 01 नग अंग्रेजी शराब 375 एमएल, 03 नग अंग्रेजी शराब का 03 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल कुल 7.415 एमएल कुल कीमती 3240/रू0 को लेकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में था। तत्संबंध में भगतराम नाग पिता मयाराम नाग के विरूद्ध थाना गीदम में अपराध क्रमांक 39/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में उनि. निर्मल वर्मा, सउनि पंकजधर, प्र0आर0 341 राजकुमार, प्र0आर0 75 आशीष नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक नजर

# महतारी वंदन के नाम पर चंद महिलाओं को लाभ बाकी के साथ नाइंसाफी कर रही साय सरकार - राज मरकाम

**कोंडागांव**- महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोंडागांव श्रीमती राज मरकाम ने महतारी वंदन योजना को लेकर साय सरकार पर पक्षपाती करने का आरोप लगाया है कहा कि साय सरकार सास बहू में माँ बेटी में देवरानी जेठानी में फुट डालने का काम कर रही है ।चुनाव के पूर्व महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरवाते समय भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नेताओं ने बड़े बड़े मंचों से कहा सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा चाहे वो कलेक्टर की पत्नी हो या भूपेश बघेल की पत्नी सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा सरकार बनते ही ये भाजपाई बात पलट गए और कई नियम कानून बनाकर क्राइट एरिया बनाकर प्रदेश की माताओं बहनों के साथ खिलवाड़ किया फिर क्राइट एरिया में आने वाली सभी माता बहनों ने जब फॉर्म भरा तो सही प्रूफ होने के बाद भी एक को मां और एक को मौसी का बना दिया बहू को मिल रहा तो सास को नही माँ को मिल रहा तो बेटी को नही देवरानी को मिल रहा तो जेठानी को नही ये कैसा महतारी वंदन है ये कैसा न्याय है? आपस मे फुट डालने का काम कर रही साय सरकार वास्तव में अगर महिलाओं को महतारी समझ कर वंदन करना चाहती है तो पक्षपात बंद करें और सभी महिलाओं के खाते में 1-1 हजार रुपए प्रति माह दे चुनाव रिजल्ट के अगले महीने से देनी चाहिए वास्तविकता तो यह है सरकार की नीयत सही नही है सिर्फ लोकसभा चुनाव को देखते हुए आनन फानन में बिना तैयारी के चंद महिलाओं के खाते में ही पैसा दे पाया है अगर किसी मोहल्ले में 200 महिलाएं निवासरत हैं तो केवल 15 से 20 महिलाओं के खाते में ही पैसा आया है यह आरोप प्रत्यारोप नही बल्कि हकीकत है भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है भाजपा जब जब सरकार में रही है केवल छलावा ही किया है ।जब प्रदेश में हमारी कॉंग्रेस की सरकार थी तब हमने किसान मजदूर युवा महिला बेरोजगार व्यापारी सभी के हितो को ध्यान में रख कर क्षेत्र व प्रदेश के समुचित विकास के लिए कार्य किया है हमने जो कहा सो किया के तर्ज पर सभी वादों को पूरा किया है और अभी लोकसभा चुनाव में जीतकर आते ही सरकार बनने के तत्काल बाद महालक्ष्मी योजना के माध्यम से हर गरीब महिला को 1 लाख रुपए सालाना देंगे कांग्रेस जो कहती है वो करती है भाजपा जुमलेबाजों की टोली है।



# लभांडी में डायरिया के बाद अब कई मरीजों में दिखे टाइफाईड के लक्षण



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लाभांडी पीएम आवास के संकल्प सोसायटी फेस-2 की स्थिति लगातार बिगड़ती ही जा रही है। एक ओर जहां होली से पहले पूरी कालोनी में मातम का माहौल डायरिया के चलते बना रहा। वहीं अब होली के बाद भी नागरिकों का दुख कम होने की वजह अब टाइफाइड के रूप मे बढ़ता जा रहा है। जी हां, कालोनी में इन दिनों सात से आठ लोगों में टाइफाइड के लक्षण पाए गए हैं। वहीं तबीयत बिगड़ने पर शांति होरो ने जांच कराई तो पता चला कि उन्हें टाइफाइड हो चुका है। आलम यह है कि कोई उल्टी दस्त से त्रस्त है तो कई ठीक होकर घर लौटने के बाद वापस से बीमार हो रहे हैं। कालोनी के अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि ठीक होकर घर लौटे लोगों में बुखार की शिकायत है। उन्होंने कहा कि उनकी माता को भी बुखार हुआ है। शुक्रवार को बुखार आने पर कालानी की रामेश्वरी दास ने दवाई खरीदी है। कालोनीवासियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा बोर का पानी तो दूषित है ही, लेकिन निगम द्वारा टैंकर के माध्यम से कालोनी में लाए जा रहे पानी को भी पीने के लिए उपयोग न करें। दुर्ग क्षेत्र के स्थानीय निवासी परिवार इन दिनो कालोनी छोड़कर अपने गांव चला गया है। इसकी वजह उनका दो साल का मासूम था, जिसकी जान डायरिया के दौरान गई है। लोगों ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्य डायरिया के चपेट में आए थे, जिसके चलते मासूम की जान चली है। वहीं इन दिनों पूरी कालोनी का आलम यह है कि लोग कालोनी में रहने के लिए तैयार नहीं हैं।

लोगों का कहना है कि जिंदगी जीने के लिए उन्होंने घर लिया था, लेकिन जिंदगी जीने की जगह अब उन्हें जिंदगी खोने का डर सता है। बता दें कि 232 परिवार की इस कालोनी में बीते समय पूरी कालोनी भरी हुई थी, लेकिन इन दिनो हालत यह है कि आधे से ज्यादा कालोनी खाली पड़ी है।

# नवा रायपुर में स्टंट करने वाले 16 बाइकर्स पर लगा जुर्माना

**रायपुर।** नवा रायपुर की सड़कों पर फर्राटा भरते हुए स्टंट करने वाले 16 बाइकर्स पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। बाइकर्स गैंग की स्टंटबाजी का वीडियो, रील इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित होने के बाद पुलिस ने पिछले सात दिनों में उनके सीसीटीवी फूटेज निकलवाकर बाइक नंबर के आधार पर धरपकड़ की। पकड़े गए सभी बाइकर्स का माफी मंगवाते हुए पुलिस ने वीडियो जारी किया है। इसमें वे दूसरों को भी स्टंटबाजी न करने की सलाह दे रहे है।

यही नहीं, इन स्टंटबाजों का तीन से चार हजार रुपये का चालान काटकर मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। यातायात डीएसपी गुरजीत सिंह ने नवा रायपुर सड़कों पर लगातार बाइकर्स स्टंट कर इसका वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। इन 16 स्टंटबाजों पर कड़ा एक्शन लेते हुए पुलिस ने कार्रवाई की। ये बाइकर्स सड़कों में तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए स्टंट कर रहे थे। इस स्टंट में ये खुद की जान



के अलावा सड़क में चलने वाले दूसरे लोगों की जान को भी खतरे में डालते हैं।

ये स्टंटबाज तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए मस्ती के मूड में रहते हैं। इन्हें इस बात का अंदाजा नहीं होता कि आसपास से कई महिला और बुजुर्ग भी गाड़ियों से गुजर रहे होते हैं। उनकी इस स्टंटबाजी के चलते बगल में चल रहा कोई भी व्यक्ति हड़बड़ा कर गिर सकता है। एसएसपी संतोष सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जानलेवा स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ सीधे एफआइआर दर्ज करें।

# पूर्व सैनिक सेवा परिषद में प्रशिक्षण ले रहे युवक युवतियों ने निकाला मतदाता जागरूक रैली

**कोंडागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतदान तिथियों के नजदीक आने के साथ प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है द्य इसी कड़ी में दिनांक 31 मार्च रविवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे युवक एवं युवतियों के साथ पूर्व सैनिकों ने डीएनके मैदान कोंडागांव से होते हुए मंडी रोड, बाजार पारा,गांधी चौक, बस स्टैंड एवं कोतवाली से होते हुए डीएनके मैदान तक मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाला गया और लोगों से अपील किया गया कि 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा







हेतु होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर मतदान करे द्य इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू , कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुँवर, पूर्व सैनिक ढ़ालेश साहू, पूर्व सैनिक चंद्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, सेवारत सैनिक श्रीकांत तिवारी, सेवारत सैनिक उमेंद्र, केकती बर्मन, जिला पुलिस बल और यातायात पुलिस बल के जवान और निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 450 युवक एवं युवतियां मौजूद रहे ।

# व्यय प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

## प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों पर रखें कड़ी निगरानी- व्यय प्रेक्षक

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कांकेर लोकसभा हेतु व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त संदीप मंडल द्वारा जिला कार्यालय में सभी निर्वाचन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के द्वारा निर्वाचन के संबंध में जिले में की गई तैयारियों की जानकारी दी गयी। प्रेक्षक द्वारा जिले में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए सभी को प्रत्येक वाहन की सघन जांच हेतु निर्देशित किया। उन्होने जांच के दौरान निवार्चन को प्रभावित करने वाली सभी सामग्रियों के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश देते हुए एम्बुलेंस एवं अन्य आकस्मिक




सेवा में लगे वाहनों की जाँच में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक द्वारा वीडियो निगरानी दल के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक निर्वाचन हेतु किये जा रहे प्रचार कार्यक्रमों की शत प्रतिशत वीडियोग्राफी कराते हुए हर खर्च को संबंधित प्रत्याशी के खर्च में जोड़ने हेतु निर्देशित किया। व्यय अनुवीक्षण दल से चर्चा करते हुए उन्होंने किये गए प्रत्येक व्यय का सटीकता से आंकलन करते हुए प्रत्येक प्रत्याशी के व्ययों की जानकारी रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होने बैंक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा नगद के परिवहन के पूर्व उन्हें अनुमति प्रदान करने हेतु व्यवस्था करने निर्देशित किया। जिस पर जिला व्यय अनुवीक्षण दल के नोडल द्वारा बताया गया कि प्रत्येक नगद परिवहन करने वाले कैश वैनों को अनुमति प्रदान करने हेतु संबंधित बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए एटीएम वैन हेतु अनुमति प्राप्त करने एवं वैनों में

### निर्वाचन कंट्रोल रूम एवं एमसीएमसी कक्ष का व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

ड्यूटी में कार्यरत सभी कर्मचारियों की जानकारी एवं सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने इन वाहनों की जांच के द्वारा नगद परिवहन के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने हेतु निर्देशित किया है। समान परिवहन करने वाले वाहनों की जांच में बिल के मिलान करने एवं पुराने बिल पर परिवहन किये जाने वाले समानों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई एवं व्यय अनुवीक्षण ईकाई का किया निरीक्षण व्यय प्रेक्षक द्वारा जिला कार्यालय में बनाये गए लोकसभा निर्वाचन कंट्रोल रूम, मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई तथा व्यय अनुवीक्षण ईकाई का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कंट्रोल रूम में अब तक प्राप्त शिकायतों एवं कार्यवाहियों की जानकारी ली इसके पश्चात उन्होंने व्यय अनुवीक्षण ईकाई का भी निरीक्षण किया। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण ईकाई पहुंच उन्होंने प्रत्येक प्रत्याशी के सभी सोशल मीडिया एकाउंट तथा टीवी चैनलों के प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक पंजी की जांच करते हुए किसी भी प्रकार के पेड न्यूज या भ्रामक जानकारी पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# व्यय प्रेक्षक ने गम्हरी एवं खाल्हेमुरवेंड की चेकपोस्टों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कांकेर लोकसभा के व्यय प्रेक्षक संदीप मंडल ने रविवार को जिले की सीमाओं पर लगाये गए स्थैतिक निगरानी दलों के चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम जिले की सीमा पर राष्टीय राजमार्ग 30 पर खाल्हेमुरवेंड में स्थित स्थैतिक निगरानी दल के चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने स्वयं जांच में भाग लेते हुए सभी कार्यवाहियों के दौरान शत प्रतिशत वीडियोग्राफी कराने एवं एम्बुलेंस तथा अन्य आकस्मिक सेवाओं में लगे वाहनों की जांच के दौरान संवेदनशीलता बरतने तथा किसी भी नगद पैसे के बिना अनुमति या बिना पर्याप्त दस्तावेजों के परिवहन पर तुरंत कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सभी समाग्री परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच करते





हुए समाग्री की बिल का मिलान करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुरानी रसीदों एवं बिलों पर समाग्री परिवहन किये जाने पर तुरंत कार्यवाही करने को कहा। इसके पश्चात वे अंतर्राज्यीय सीमा पर बने गम्हरी स्थैतिक निगरानी दल के चेकपोस्ट पर पहुंचे। जहां उन्होंने सीमा पार से अवैध शराब एवं नगद के परिवहन पर रोक लगाने हेतु तत्परता से कार्य करते हुए किसी भी वाहन को बिना जांच सीमा पार ना करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर कार्यरत कर्मियों की पंजियों की जांच करते हुए सभी को समय पर ड्यूटी पर आने को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, एसडीएम अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रायगढ़ जिले में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर अभियान स्तर पर कार्यवाही

## आईपीएल मैच में बॉल टू बॉल सट्टा खिलाते 3 आरोपी समेत कुल 12 सटोरिए को पुलिस ने रायगढ़ शहर, चक्रधरनगर और खरसिया में पकड़ा

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

आईपीएल क्रिकेट शुरू होते ही ऑनलाइन सट्टा लिखने वाले सक्रिय हो जाते हैं जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी राजपत्रित पर्यवेक्षण अधिकारी एवं थाना, चौकी प्रभारियों को मुखबिर सक्रिय कर इस समाजिक अपराध पर अंकुश लगाने प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया था । इसी परिपेक्ष में पिछले दो दिनों से जिले में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी है । बीते रात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तीन व्यक्तियों को आईपीएल क्रिकेट मैच पर बॉल टू बॉल ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नोट करते पकड़ा गया है जिनसे सट्टे पर लगा ?20,000 नगद, 7 नग मोबाइल, 1 लैपटॉप जप्त किया गया है । वहीं खरसिया पुलिस ने कल 3 व्यक्तियों को तथा चक्रधरनगर पुलिस ने 2 व्यक्तियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया है । शनिवार 29 मार्च को कोतवाली

**गिरफ्तार 12 आरोपियों से नगद 40,910, 12 नग मोबाइल, 01 लैपटॉप समेत 1 लाख 62 हजार की संपत्ति जप्त**

पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 4 आरोपियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया था । इस प्रकार पिछले दो दिनों में रायगढ़ पुलिस ने 12 आरोपियों को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया है जिनसे नगद 40,910 रूपये, 12 नग मोबाइल, 1 लैपटॉप की जप्ती की गई है, आरोपियों से जप्त जुआ (सट्टा) रकम और मोबाइल/लैपटॉप का वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1,61,910 आंका गया है । ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे आरोपियों पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही किया गया है ।



### अभियान में पकड़े गये आरोपी–

थाना कोतवाली अप.क्र. 208/2024 आरोपी मोह. अनीश पिता मोह. पीर 43 साल निवासी चांदनी चौंक रायगढ़ से नकदी रकम 7,000 रुपये 2 नग मोबाईल फोन। थाना कोतवाली अप.क्र. 209/2024 आरोपी मोह. शहनवाज पिता मोह. शमशेर 28 साल निवासी चांदनी चौंक रायगढ़ से जब्ती ङ्क नकदी रकम 8000 रुपये, 3 नग मोबाईल फोन। थाना कोतवाली अप.क्र. 210/2024 आरोपी एजाज खान पिता लाल खान 19 साल जब्ती ङ्क नकदी रकम 5000 रुपये, 2 नग मोबाईल फोन, 01 नग लेपटाप। थाना चक्रधरनगर अप.क्र. 169/24 आरोपी गौतम यादव पिता माधव यादव 36 साल ढ्ढञ्जढ्ढ कॉलोनी चक्रधरनगर जब्ती ङ्क नकदी रकम 1720 रुपये थाना चक्रधरनगर अप.क्र. 170/24 आरोपी गौरव उर्फ गोलू पिता प्रमोद पोद्दार 22 साल पंजरी प्लाट जप्ती नकदी रकम 2310 रुपये। थाना खरसिया अपराध क्रमांक 212/24 आरोपी भोला राठौर रामनाथ राठौर निवासी रतनमहका जब्ती ङ्क नकदी रकम 5370 रुपये, 2 नग ओप्पो मोबाइल। थाना खरसिया अप.क्र.213/2024 आरोपी भेकेश्वर प्रसाद उर्फ गनपत राठौर पिता स्व. श्यामलाल निवासी रतनमहका जब्ती नकदी रकम 4210 रुपये, 1 विवो मोबाइल। थाना खरसिया अप.क्र. 214/2024 आरोपी चण्डी चरण पाण्डेय पिता स्व. द्वारिका प्रसाद पाण्डेय 46 साल निवासी सिविल लाईन खरसिया जब्ती – नकदी रकम 1500 रुपये, 2 नग मोबाईल विवो, पोको थाना कोतवाली अप.क्र. 192/2024 आरोपी अजय ठाकुर पिता लाभ सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष साकिन सोनिया नगर कोतरारोड थाना कोतवाली रायगढ़ जब्ती ङ्क नकदी रकम 1450 रुपये, सट्टा पट्टी। थाना कोतवाली अप.क्र. 193/2024आरोपी छबि राम धीवर पिता स्वर्गीय भागीरथी धीवर उम्र 36 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ जब्ती ङ्क नकदी रकम 1100 रुपये, सट्टा पट्टी। थाना कोतवाली अप.क्र. 194/2024 आरोपी बसीर हुसैन पिता बदरू हुसैन उम्र 36 वर्ष साकिन मधुबन पारा रायगढ थाना कोतवाली रायगढ़ जब्ती ङ्क नकदी रकम 2000 रुपये, सट्टा पट्टी। थाना कोतवाली अप.क्र. 195/2024 आरोपी रमेश पटेल पिता स्वर्गीय लक्ष्मण पटेल उम्र 54 वर्ष साकिन नवागढी राजापारा रायगढ जब्ती – नकदी रकम 1250 रुपये, सट्टा पट्टी। जुआ–सट्टा की जद में अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग आते हैं और फिर इसके आदी होकर घर में झगड़ा, मारपीट, चोरी जैसे अपराध करने लगते है, जिससे लोगों को दूर रहना चाहिए । पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के इस समाजिक अपराध को पूर्णतः निषेधित करने के निर्देश दिए गए हैं । इसी क्रम की एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सट्टे के विरूद्ध की गई कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, नगर निरीक्षक थाना प्रभारी कोतवाली सुखनंदन पटेल, थाना प्रभारी चक्रधरनगर प्रशांत राव एवं चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग एवं उनके स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

# वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता स्वयं कर सकता है वोटर आईडी बनाना और सुधार

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए देश में चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की है। आयोग काफी समय से देश में इलेक्शन प्रोसेस को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है।**

आयोग ने कई एप और पोर्टल से चुनाव के प्रक्रिया को सभी मतदाताओं को मोबाइल में सुविधा दी है। इन्ही एप में वोटर हेल्पलाइन चुनाव से जुड़ी सभी जरूरत के लिए बहुउपयोगी है।

मतदाता सूची में नाम इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर आईडी रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही वोटर आईडी के नाम पता में सुधार कर सकते हैं।

वोटर स्लिप डाउनलोड–इस ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव से जुड़ी जानकारी–इस ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां, रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं।




मतदाता सूची में नाम कैसे खोजें–वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं, इसके साथ ही इलेक्टोरल लिस्ट डाउनलोड भी कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए आपको एप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना है।

सर्च बार पर टैप करते ही नया पेज ओपन होगा। जहां मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड, डिटेल्स या इपिक नंबर डालकर यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम खोजना–नाम, पिता/पति के नाम, जन्मतिथि उम्र, लिंग, राज्य या चुनावी क्षेत्र की जनकारी के जरिए मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं।

इ–पिक से खोजें –अगर आपके पास वोटर आई कार्ड हैं तो इपिक मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर डालकर नाम खोज सकते हैं।

मोबाइल नंबर–अगर आपको मोबाइल नंबर वोटर आईडी से लिंक है तो आप अपने मोबाइल नंबर के जरिए भी मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह एप मतदाता सूची, वोटर रजिस्ट्रेशन फ ॉर्म, मतदाता कार्ड में नाम पता में सुधार मॉडिफि केशन, डाउनलोड डिजिटल फ ोटो वोटर स्लिप, शिकायत, उम्मीदवार की डिस्प्ले, रियल टाइम इलेक्शन रिजल्ट डेटा जैसी अहम जानकारी मतदाता और नागरिक को प्रदान करता है। एप यूजर्स को इपिक कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक करने की सुविधा भी देता है।

## ई- ऑटोरिक्शा चालक जयंती के साथ माता रानी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक...




**रायपुर।** द्दऑटोरिक्शा चालक जयंती के साथ स्व सहायता समूह की महिला वर्षा, आशा, सुप्रिया, ज्योति ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं ने जगह–जगह रूक कर महिलाओं ने नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और कहां सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो महिलाएं सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी शत प्रतिशत मतदान का संदेश दे रही है।

## लभांडी में डायरिया के बाद अब कई मरीजों में दिखे टाइफाईड के लक्षण

भास्कर दूत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लाभांडी पीएम आवास के संकल्प सोसायटी फेस–2 की स्थिति लगातार बिगड़ती ही जा रही है। एक ओर जहां होली से पहले पूरी कालोनी में मातम का माहौल डायरिया के चलते बना रहा। वहीं अब होली के बाद भी नागरिकों का दुख कम होने की वजह अब टाइफाइड के रूप मे बढ़ता जा रहा है। जी हां, कालोनी में इन दिनों सात से आठ लोगों में टाइफाइड के लक्षण पाए गए हैं। वहीं तबीयत बिगड़ने पर शांति होरो ने जांच कराई तो पता चला कि उन्हें टाइफाइड हो चुका है। आलम यह है कि कोई उल्टी दस्त से त्रस्त है तो कई ठीक होकर घर लौटने के बाद वापस से बीमार हो रहे हैं। कालोनी के अध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि ठीक होकर घर लौटे लोगों में बुखार की शिकायत है। उन्होंने कहा कि उनकी माता को भी बुखार हुआ है। शुक्रवार को बुखार आने पर कालानी की रामेश्वरी दास ने दवाई खरीदी है। कालोनीवासियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा बोर का पानी तो दूषित है ही, लेकिन निगम द्वारा टैंकर के माध्यम से कालोनी में लाए जा रहे पानी को भी पीने के लिए उपयोग न करें। दुर्ग क्षेत्र के स्थानीय निवासी परिवार इन दिनो कालोनी छोड़कर अपने गांव चला गया है। इसकी वजह उनका दो साल का मासूम था, जिसकी जान डायरिया के दौरान गई है। लोगों ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्य डायरिया के चपेट में आए थे, जिसके चलते मासूम की जान चली है। वहीं इन दिनों पूरी कालोनी का आलम यह है कि लोग कालोनी में रहने के लिए तैयार नहीं हैं।



*लोगों का कहना है कि जिंदगी जीने के लिए उन्होंने घर लिया था, लेकिन जिंदगी जीने की जगह अब उन्हें जिंदगी खोने का डर सता है। बता दें कि 232 परिवार की इस कालोनी में बीते समय पूरी कालोनी भरी हुई थी, लेकिन इन दिनो हालत यह है कि आधे से ज्यादा कालोनी खाली पड़ी है। जो लोग कालोनी छोड़कर अपने गांव गए हैं, वे पानी की वजह से लौटकर वापस आने का तैयार नहीं हैं।*

# महामाया मंदिर में नवरात्रि को लेकर प्रशासनिक बैठक संपन्न हुआ

जोहार छत्तीसगढ़– रतनपुर।

9 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले बसंती नवरात्रि की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। इसमें महामाया कार्यालय में अपर कलेक्टर आरए कुर्वंशी के नेतृत्व में सभी विभागों की बैठक लिया गया। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग, नगरी प्रशासन व अन्य विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे जिसमें सभी को सुव्यवस्थित तरीके से नवरात्रि संपन्न कराने के लिए जिम्मेदारियां दी गई। महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर एवं मैनेजिंग ट्रस्टी सतीश शर्मा ने सबसे पहले बैठक की शुरुआत की जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों को महामाया में आयोजित होने वाले 9 दिनों के नवरात्रि पर्व की रूप रेखा के बारे में बताया गया, नवरात्रि में भीड़ को ध्यान में रखते हुए और मंदिर में आने वाले दर्शनार्थीयो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसलिए सभी विभागों को अपने अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए आदेशित किया गया महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ने बताया कि हर नवरात्रि के पहले होने वाले प्रशासनिक बैठक जो होती है उसी रूटिंग के हिसाब से इस बार 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होने वाले नवरात्रि के लिए आज अपर कलेक्टर ने सभी विभाग को अपनी जिम्मेदारी के साथ नवरात्रि संपन्न कराने को कहा है जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही और सभी ने नवरात्रि में मंदिर ट्रस्ट के साथ सहयोग करने की बात कही जिससे आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो और सभी आने वाले दर्शनार्थियों को दर्शन लाभ मिल सके इसके लिए मंदिर ट्रस्ट भी तैयारी में जुटी हुई है विशेष रूप से गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था व बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से रहे इस पर जोर दिया गया इस बैठक में प्रमुख रूप से अपर कलेक्टर आर ए कुर्वंशी,कोटा एसडीएम, एडिशनल एसपी अर्चना झा,आशीष सिंह ठाकुर अध्यक्ष महामाया ट्रस्ट,अजय कुमार आईपीएस थाना प्रभारी रतनपुर, नूपुर उपाध्य एस डीओपी कोटा, आकाश गुप्ता तहसीलदार रतनपुर, अरुण शर्मा मैनेजिंग ट्रस्टी मंदिर ट्रस्ट, सतीश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट,मनोहर चंदेल,बबलू चंदेल,पंकज सिंह अतिरिक्त तहसीलदार,दवेश सिंह राठौर टी आईएएचडी रात्रे मुख्य नगर पालिका अधिकारी रतनपुर,दिलीप परस्ते पटवारी,देव सिंह ठाकुर रेंजर वन विभाग, वी के सिंह पीएच ई विभाग, इत्यादि विभाग के अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।



## अपराध

### युवक पर हथौड़ी से हमला

**रायपुर** । हाईटेक पार्किंग डुमरतराई के पास एक युवक ने दूसरे युवक से गाली–गलौज कर हथौड़ी से सीर पर मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अलीम खान 28 वर्ष हाईटेक पार्किंग डुमरतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी अर्पित शर्मा 24 वर्ष ने प्रार्थी से गाली–गलौज कर प्रार्थी के सीर पर हथौड़ी से मारकर चोट पहुंचाया। जिससे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बकरा चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर** । ग्राम नवागांव खार के पास दो युवकों ने एक महिला का बकरा चोरी कर बेच दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुनीता यादव 30 वर्ष कृष्णा चौक खरोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया बकरी चराने का कार्य करती थी। बताया जाता है कि आरोपी प्रिंस यादव व पीलू ने प्रार्थिया के 1 नक बकरा को चोरी कर 10 हजार रुपए में बेच दिया और बकरी चरवाहा नरेन्द्र को जान से मारने की धमकी दिया। जिससे प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 381, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोबाइल दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर** । ग्राम खौना तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान के रोशन दान से अंदर प्रवेश कर दो युवकों ने 10 नग मोबाइल और नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेश राय 21 वर्ष देवगांव खरोरा का रहने वाला है। प्रार्थी ग्राम खौना के तिगड्डा चौक के पास मोबाइल दुकान चलाता है। बताया जाता है कि 17 अक्टूबर को आरोपी चंद्रशेखर धृतलहरे व सुनील धृतलहरे नरे प्रार्थी के मोबाइल दुकान में रोशन दान से प्रवेश किया और 10 नग मोबाइल व नकदी 10 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रिसेप्शन पार्टी से जेवर पार

**रायपुर** । आमोर पार्क तेलीबांधा में आयोजित रिसेप्शन पार्टी से अज्ञात चोर ने 2 नग सोने का अंगुठी, 3 नग चांदी का पायल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्कर्ष मिश्रा 25 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के यहां आमारे पार्क तेलीबांधा में शादी रिसेप्शन पार्टी चल रहा था। जहां अज्ञात चोर ने स्टेज पर मिले उपहार में से 2 सोने की अंगुठी और 3 चांदी का पायल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के असपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैदल जा रहे युवक को कार ने रौंदा

**रायपुर** । रिंग रोड 1 स्थित होटल 38 केस्टट्रल के सामने अज्ञात कार ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भूतनाथ मंडल 26 वर्ष खुशी रेसीडेंसी तेलीबांधा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह कल शाम पैदल कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 1 होटल 38 केस्ट्रल के सामने अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए भूतनाथ मंडल को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रायपुर में एक बार फिर बदलेगा मौसम

### अंधड़ के साथ बारिश की संभावना, गर्मी से मिलेगी राहत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर में हल?क बादल छाए हुए हैं। इससे लोगों को कड़ी धूप से राहत तो मिली है मगर गर्मी बरकरार है। हालांकि मौसम विभाग ने रविवार को राजधानी सहित प्रदेश में कुछ स्थानों पर अंधड़ के साथ बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका अंदरुनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक है। वहीं सरगुजा इलाके में अधिक और रायपुर के ऊपर मध्य बादल छाए हुए हैं, जो हल्की से मध्यम बारिश का कारण भी बन सकते हैं। इससे अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट की संभव है। वहीं राजधानी सहित प्रदेश में हफ्तेभर से तापमान तेजी से बढ़ रहा था। मध्य छत्तीसगढ़ के दो जिलों रायपुर और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। शनिवार को मौसम में बदलाव से तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सर्वाधिक 41 डिग्री सेल्सियस तापमान राजनांदगांव में था।

## बॉक्स ऑफिस अजय देवगन की शैतान की कमाई तीसरे सप्ताह में भी जारी



अजय देवगन, ज्योतिका और आर माधवन और जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म शैतान को सिनेमाघरों में रिलीज का एक महीना पूरा होने जा रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।हर गुजरते दिन के साथ शैतान की दैनिक कमाई में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद यह कामकाजी दिनों में बॉक्स ऑफिस पर ठीक- ठाक नोट छाप रही है।अब शैतान की कमाई के 21वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने रिलीज के 21वें दिन यानी तीसरे गुरुवार 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 134.25 करोड़ रुपये हो गया है।



## ऐसा मत सोचें कि मैं रातों रात सेंसेशन बनी हूं: मेधा शंकर

12वीं फेल की रिलिजिंग के बाद रातों रात सेंसेशन बनने को लेकर एक्ट्रेस मेधा शंकर ने कहा कि लोग उनकी जर्नी के बारे में नहीं जानते हैं। मेधा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2019 में ब्रिटिश मिनी सीरीज बीचम हाउस से की थी। इसके बाद वह फिल्म शादीस्थान और सीरीज दिल बेकरार में नजर आईं।

मेधा ने 12वीं फेल की सफलता के साथ स्टार बनने की शुरुआत को याद करते हुए कहा, मैंने 2018 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और 2020 मेरे और पूरी दुनिया के लिए बहुत मुश्किल साल था, मैं उस वक्त काफी परेशान थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं रातोंरात सेंसेशन बनी हूं, बात सिर्फ इतनी है कि लोग मेरी जर्नी के बारे में नहीं जानते... अगर रातोंरात एक शब्द है तो मेरी रातें पांच साल लंबी थीं। यह पूछे जाने पर कि इंडस्ट्री में अच्छा एक्टर बनने के लिए क्या करना पड़ता है एक्ट्रेस ने कहा, अपनी बातें सही रखें, ज्यादा न सोचें। मैं एक एक्टर के तौर पर अपनी कला को निखारने और अच्छा काम करने, साथ ही अच्छी स्क्रिप्ट के लिए हां कहने पर फोकस करने की कोशिश करती हूं।


## स्टाइलिश आउटफिट पहन पूनम पांडे ने बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने लूटी महफिल

इन दिनों सोशल मीडिया पर हर तरफ पूनम पांडे की ही चर्चा है. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं. इन तस्वीरों में पूनम पांडे ने हरे रंग का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जो उनके ऊपर काफी जंच रहा है.

उन्होंने अपने बाल खुले रखे हैं और लाइट मेकअप किया हुआ है. तस्वीरों में पूनम अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है.इस तस्वीर में पूनम पांडे किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। पूनम पांडे की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए।

अपनी बोल्ड अदाओं से लोगों को अपनी ओर अट्रैक्ट करने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपनी तस्वीरों से बोल्डनेस की सारी हदे पार कर रखी हैं। हालांकि इस बार भी पूनम पांडे का ये लुक हद से ज्यादा स्टाइलिश नजर आ रहा है।

इन तस्वीरों पर कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा, आप किसी परी से कम नहीं लग रही हैं, तो वहीं दूसरे फैन ने कमेंट किया, आपका ये स्टाइलिश लुक कमाल का है।



आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने की बंपर ओपनिंग

## पहले ही दिन तोड़ा मलयालम की हाईएस्ट ग्रॉसिंग मंजुम्मेल बॉयज़ का रिकॉर्ड





पृथ्वीराज सुकुमारन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' फाइनली सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को न केवल क्रिटिक्स से शानदार रिव्यू मिला है बल्कि ऑडियंस ने भी इसे शानदार रिस्पॉन्स दिया है. इसी के साथ 'आदुजीविथम - द गोट लाइफ' ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार शुरुआत की है. चलिए यहां जानते हैं पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'आदुजीविथम - द गोट लाइफ' के दमदार ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट बढ़ गई थी. खास बात ये है कि ये फिल्म 16 साल में बनकर तैयार हुई है. मलयाली अप्रवासी मजदूर की कहानी पर बेस्ड 'आदुजीविथम - द गोट लाइफ' में पृथ्वीराज ने एक चरवाहे का रोल प्ले किया है. फिल्म ने बड़े पर्दे पर दस्तक देते ही ऑडियंस का दिल छू लिया है. रिलीज के पहले दिन ही इसे देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की काफी भीड़ नजर आई. वर्किंग डे रिलीज के बावजूद फिल्म ने अच्छी ओपनिंग दर्ज की है।

## बॉक्स ऑफिस पर मडगांव एक्सप्रेस की रफ्तार धीमी, स्वतंत्र वीर सावरकर की हालत पस्त




दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की फिल्म मडगांव एक्सप्रेस से दर्शकों के साथ निर्माताओं को भी काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।यह कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है, जिसने दर्शकों के अरमानों पर पानी फेर दिया है।कॉमेडी से भरपूर मडगांव एक्सप्रेस की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धीमी रही और पिछले कुछ दिनों से फिल्म का दैनिक कारोबार में गिरावट जारी है। मडगांव एक्सप्रेस की कमाई के सातवें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।सैकनिल्क के मुताबिक, गुरुवार को फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया। अब फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.5 करोड़ रुपये हो गया है।मडगांव एक्सप्रेस को 15 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।

## अजय देवगन की मैदान का दमदार पोस्टर हुआ रिलीज, आइमैक्स में देखने का मिलेगा मौका




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैदान का दमदार पोस्टर रिलीज हो गया है. पोस्टर में अजय देवगन फुटबॉल के मैदान में दिखाई दे रहे हैं और उनकी टीम खेल रही है. उनके चेहरे पर जज्बा और दृढ़ संकल्प साफ दिखाई दे रहा है. अजय देवगन ने बताया है कि आप इस फिल्म को आइमैक्स में भी देख पाएंगे. यह फिल्म भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम युग के निर्माता सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है. फिल्म में अजय देवगन सैयद अब्दुल रहीम का किरदार निभा रहे हैं. मैदान 10 अप्रैल 2024 को रिलीज होने वाली है। फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा ने किया है और इसका निर्माण बोनी कपूर ने किया है. यह फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी. बता दें कि भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम ने 1952 से 1962 के दौरान भारतीय फुटबॉल के कोच थे और उन्हें रहीम साब के नाम से भी जाना जाता है, उनकी शानदार परफॉर्मेंस को लेकर उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम अकाउंट पर अजय देवगन ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास का गवाह बनें जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी. फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी अहम रोल में हैं. बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म इसी साल ईद पर रिलीज होने के लिए तैयार है.

# खेल

## बोपन्ना ने मियामी ओपन जीतकर इतिहास रचा

### ATP मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने मियामी ओपन 2024 के मेंस डबल्स का टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना 44 साल की उम्र में ATP मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स का खिताब जीतकर बनाया था। शनिवार को खेले गए फाइनल में बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन पार्टनर मैथ्यू एब्डन ने क्रोएशिया के इवान डोडिक और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी को हराया।

खिताबी मुकाबले में इस इंडो-ऑस्ट्रेलियन जोड़ी ने 6-7, 6-3, 10-16 से जीत हासिल की।

मियामी ओपन 2024 के फाइनल में बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन पार्टनर मैथ्यू एब्डन ने क्रोएशिया के इवान डोडिक और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी को हराया। मियामी ओपन 2024 के फाइनल में बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन पार्टनर मैथ्यू एब्डन ने क्रोएशिया के इवान डोडिक और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी को हराया।

### छठी बार ATP मास्टर्स जीता

बोपन्ना ने छठी बार ATP मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ



जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था।

### क्या है ATP मास्टर्स

ATP मास्टर्स जिसे 2009 से ATP मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के रूप में जाना जाता है, नौ टेनिस टूर्नामेंट्स की एक सीरीज है। इसकी शुरुआत 1990 से हुई। ग्रैंड स्लैम के बाद ATP मास्टर्स 1000 टेनिस का टॉप टियर टूर्नामेंट है। ग्रैंड स्लैम के बाद टेनिस रैंकिंग में इसी टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा पॉइंट मिलते है। जहां ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।

### इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन भी बने

*रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। रॉड लेवर एरीना में भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया ववास्सोरी की जोड़ी को सीधे सेटों में 7-6, 7-5 से हराया था। करीब डेढ़ घंटे तक चले फाइनल मुकाबले में बोपन्ना-एब्डन की जोड़ी का दबदबा कायम रहा।*

## एक नजर

### IPL-2024 में लखनऊ की पहली जीत

#### डेब्यूटांट मयंक यादव ने झटके तीन विकेट; डी कॉक की फिफ्टी, पूरन-क्रुणाल की विस्फोटक पारियां

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 11वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 21 रन से हराया। इस जीत से लखनऊ पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है, जबकि शिखर धवन की पंजाब छठे नंबर पर पहुंच गई है। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में शनिवार को लखनऊ ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 199 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन ही बना सकी। 21 साल के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने डेब्यू मैच में 3 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




### इकाना में लखनऊ ने पंजाब को अदब से हराया

#### खईके पान बनारस वाला गाने पर झूमे दर्शक; अखिलेश जिंदाबाद का नारा लगा तो पुलिस पहुंची

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (IPL) में पहली जीत हासिल की है। अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर बैटिंग की। पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रन का टारगेट दिया। दूसरी पारी में पंजाब 178 रन ही बना सकी। कैप्टन शिखर धवन की फिफ्टी लगाने के बाद भी नहीं जीत सकी। लखनऊ सुपरजायंट्स (LSG) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (IPL) में पहली जीत हासिल की है। फैंस मैदान में नारे लगा रहे कि अब तो पंजाब को अदब से हराएंगे। वहीं, राहुल के आउट होने से लखनऊ के फैंस निराश दिखे। दर्शक दिलीप कुमार कौशल, मुनीश चंद्र केएल राहुल के सपोर्ट में आए थे। दिलीप ने खुद को केएल राहुल के रूप में बॉडी की पेंटिंग कराई है। स्त्र की तरफ से अपने प्रशंसकों के लिए नीली टी-शर्ट बांटी गई है। ऐसे में शाम को 50 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में स्त्र ही नजर आ रही थी। बाराबंकी, गोरखपुर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, झांसी सहित यूपी के अन्य जिलों से लोग आए थे। वहीं, ब्लॉक-9 में सपा के कुछ कार्यकर्ता अखिलेश जिंदाबाद के नारे लगाने लगे, तो मौके पर पुलिस ने पहुंचकर उन्हें शांत कराया। कार्यकर्ता सपा की टोपी और हाथ में झंडा भी लिए थे। वहीं, इस पर जवाब में कुछ दर्शकों ने मोदी-मोदी के नारे भी कराए। टिकट की कालाबाजारी का मामला सामने आया था। दर्शकों का आरोप था कि 400 का टिकट 1200 में बिक रहा है। 600 का टिकट 2000 तक में मिल रहा है।



## IPL-लखनऊ में पहली बार एक पारी में 199 रन बने

### धवन के 150 IPL सिक्स पूरे, मयंक यादव ने फेंकी सीजन की फास्टेस्ट बॉल...




**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में होम टीमों का दबदबा शनिवार को भी कायम रहा। अब लखनऊ सुपर जायंट्स ने लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स को 21 रन से हरा दिया। इस जीत में डेब्यू मैच खेलने वाले मयंक यादव ने 3 विकेट लिए। मयंक ने मैच में 6 गेंदें 150 किमी/घंटे से ज्यादा की स्पीड से फेंकी। उन्होंने 155.8 किमी/घंटे की स्पीड से भी बॉल फेंकी, जो 17वें सीजन की सबसे तेज गेंद रही। पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने भी IPL में 150 सिक्स पूरे कर लिए। इस सीजन में अब तक 11 मैच हो चुके हैं और 10वीं बार होम टीम ने जीत हासिल की है। शुक्रवार को कोलकाता ने बेंगलुरु को बेंगलुरु में हराया था। यह सीजन में अब तक होम टीम की इकलौती हार है। लखनऊ के लिए डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने मैच में 155.8 किमी/घंटे की स्पीड से बॉल फेंकी। वह 150 किमी/घंटे की स्पीड छूने वाले मैच में पहले ही बॉलर बने। मयंक ने 10वें ओवर की तीसरी बॉल जॉनी बेयरस्टो को शॉर्ट पिच फेंकी, बेयरस्टो इसे मिस कर गए। इस बॉल की स्पीड एग्जैक्ट 150 किमी/घंटे रही।

## बाबर आजम पाकिस्तान के वनडे और टी-20 के कप्तान बने

### बोर्ड ने फिर कमान सौंपी, वनडे वर्ल्ड कप के बाद छोड़ दी थी कप्तानी




बाबर आजम फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वाइट-बॉल (वनडे और टी-20) के कप्तान नियुक्त किए गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने रविवार को इसका ऐलान किया। पाकिस्तान का वनडे वर्ल्ड कप 2023 में खराब प्रदर्शन रहा था। वर्ल्ड कप के बाद ही बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद टेस्ट का कप्तान शान मसूद को और टी-20 फॉर्मेट का कप्तान शाहीन अफरीदी को बनाया गया था। बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान टीम वनडे और टी-20 की टीम रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंची थी। उन्हीं की कप्तानी में टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा

शाहीन अफरीदी की कप्तानी में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार झेलनी पड़ी थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। बोर्ड ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, बाबर आजम को व्हाइट बॉल फॉर्मेट (वनडे और टी-20) का कप्तान नियुक्त किया गया।

# कार्यकर्ता जन संपर्क अभियान के तहत मंडल पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से आत्मीयता से मिले वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता जन संपर्क अभियान के तहत मंडल पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ से मिलने राजधानी से अपराह्न 11 बजे सरिया अग्रसेन भवन पहुंचे।







सरिया मंडल अध्यक्ष परदेशी प्रधान मंडल महामंत्री चूड़ा मडी पटेलएराधा मोहन पाणीग्राही नपा अध्यक्ष अध्यक्ष रानू स्वर्णकार ने अपने लाडले विधायक ओपी चौधरी का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवम पूर्व विधायक विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। मंडल के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं सहित युवा बुजुर्ग महिलाएं छात्रों ने समस्याओं को जानने अपने द्वार पहुंचे लाडले विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। वित्त मंत्री ओपी ने सरिया पुसौर कोड़ा तराई मंडल सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं को समवेत स्वर में कहा कि भाजपा की इस एतिहासिक जीत में कार्यकर्ताओ का अहम योगदान रहा है वे इस जीत का कर्ज नही उतार पायेंगे। रायगढ़ की जनता के वोटो से ओपी चौधरी न केवल विधायक बना बल्कि सरकार आई और मैं मंत्री भी बना। कार्यकर्ताओ को भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा यह जीत जनता के उम्मीद की जीत है। विधायक बनने के साथ ही उन्होंने तत्काल क्षेत्र के विकास कार्यों हेतु बहुत से कार्यों को स्वीकृति दी। भाजपा की सरकार आते ही एक ठहरे हुए विकास कार्यों को गति मिली है। मंत्री चौधरी ने कार्यकर्ताओ से कहा वे आम जनता को यह बताए कि न केवल रायगढ़ बल्कि आम प्रदेश के विकास हेतु खजाने की चाबी रायगढ़ की जनता के पास हैं। पिछली सरकार के भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त थी सरकार आते ही जनता भ्रष्ट सिस्टम से आम जनता को छुटकारा मिला है। चौधरी ने भरोसा दिलाते हुए कहा रायगढ़ के विकास के लिए धन की कमी आड़े नही आयेगी। डी एफ एम मद के तहत लाखो रुपए के काम स्वीकृत किए गए। आचार संहिता की वजह से विकास कार्यों में रुकावट होने की बात कही हैं। सरिया,पुसौर,कोडतराई मंडल के लिए बहुत से विकास कार्य स्वीकृत किए जाने की जानकारी देते हुए कहा विकास कार्यों के तहत कांक्रीट सड़क पचरी निर्माण नाली निमार्ण शेड निर्माण से जुड़े बहुत से विकास कार्य स्वीकृत किए गए है। ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती की शिकायत को लेकर भी ओपी ने विद्युत अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा अनावश्यक कटौती बंद हो जानी चाहिए। कार्यकर्ताओ ने विद्युत विभाग नगर पंचायत जनपद पंचायत सहित नागरिकों से जुड़ी समस्याओं से वित्त मंत्री ओपी को अवगत कराया। मंत्री ओपी चौधरी ने तत्काल संबंधित थाना प्रभारी तहसीलदार विद्युत अधिकारियों से संपर्क कर समस्याओं को दूर करने के निर्देश दे कर तत्काल समस्याओं का निराकरण कराया गया। सरिया में तीन घंटे मुलाकात के बाद वित्त ओपी चोधरी ने पुसौर स्थित रोहणी ढाबा में कार्यकर्ताओ से संपर्क किया। पुसौर में मंडल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता मंडल महामंत्री संजय षड़ंगी सुरेन्द्र जेना नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहित सतपथी,किसान मोर्चा घनश्याम पटेल,ने मंत्री ओपी का भावभीना स्वागत किया। पुसौर में भी कार्यकर्ताओ ने विकास संबंधी मांगे खुलकर विधायक के आमने रखी। इसके बाद कोड़ा तराई मंडल में सत्येंद्र सिंह के निवास के मंडल कार्यकर्ताओ से संपर्क किया। कोड़ा तराई मंडल डाल नारायण महामंत्री दीपक गुप्ता राधे श्याम भोई ने स्वागत किया। कोड़ा तराई मंडल के पदाधिकारियों ने अपने विधायक से क्षेत्र की विकास संबंधी चर्चा की एवम विभिन्न विभागों से जुड़ी जन समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। कार्यकर्ताओ के जरिए आम जनता से मिले सुझावों पर भी ओपी चौधरी ने तत्काल अमल करने का आश्वासन दिया। कार्यकर्ता जन सम्पर्क के दौरान भाजपा नेता पूर्व सभापति सुरेश गोयल अनुसूचित जन जाति राष्ट्रीय कार्य कारिणी सदस्य कांत सोमवार, भाजपा जिला मंत्री रत्थू गुप्ता पूर्व पार्षद दीपेश सोलंकी पूर्व नेता प्रतिपक्ष पंकज कंकर वाल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक अनुपम पल,भाजयुमो महामंत्री प्रवीण द्विवेदी मोजूद रहे।

### अघोषित कटौती बंद करने विद्युत अधिकारियों को दिए निर्देश

सरिया पुसौर के किसानों से अघोषित कटौती की शिकायत मिलने पर वित्त मंत्री ओपी ने तत्काल आला अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित कटौती बंद करने के निर्देश देते हुए कहा कटौती के समय में ही मेनटैंस करने के भी निर्देश देते हुए कहा दोबारा क्षेत्र के किसानो से कटौती से लेकर दोबारा शिकायते नही मिलनी चाहिए।

### सरिया में कार्यकर्ताओं की एकजुटता से मिली एतिहासिक बढ़त

सरिया मंडल में वित्त मंत्री ओपी ने एतिहासिक जीत का कारण सरिया मंडल मिली बढ़त बताया।

और यह बढ़त कार्यकर्ताओं को एक जुटता की वजह से मिली इस हेतु उन्होंने आभार भी जताया।

### स्वेच्छा अनुदान हासिल करने वाले छात्रों ने आभार जताया

सरिया पुसौर कोड़ा तराई मंडल में कार्यकर्ता संपर्क के दौरान युवा छात्र-छात्राएं भी वित्त मंत्री से मुलाकात करने पहुंचे और मिले स्वेच्छा अनुदान के प्रति आभार जताते हुए कहा यह अनुदान हमे बिना मांगे मिला और यह राशि सीधे खाते में आई है इसके लिए किसी की सिफारिश नहीं मिली। यह राशि उन्हे बहुत काम आई।

### हितेश पटेल ने सरिया में किया भाजपा प्रवेश

सरिया अग्रसेन भवन में एन एस यू आई के पदाधिकारी हितेश पटेल ने ओपी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। ओपी ने अग्रसेन भवन में भगवा गमछा पहनाकर युवा हितेश का भाजपा प्रवेश कराया।

## सत्ती के बाद चांपा क्रिकेट सट्टे के मामले में हमेशा सुर्खियों में रहा, फिर भी क्रिकेट सट्टा का नहीं बन रहा एक भी प्रकरण

## पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठने लगा सवाल

जांजगीर-चांपा।

आईपीएल क्रिकेट का खुमार लोगों पर चढ़ा हुआ है तो वहीं क्रिकेट सट्टे का कारोबार भी पूरे शबाब पर होने की खबरें आ रही है। खास बात यह है कि तकनीक के इस दौर का भरपूर फायदा उठाते हुए क्रिकेट सटोरिए अपनी मंसूबे में कामयाब हो रहे हैं तो वहीं सटोरियों तक पहुंच पाने में पुलिस भी नाकाम है।




यही वजह है कि जिले की पुलिस क्रिकेट सट्टा का एक भी प्रकरण नहीं बना पा रही है। कभी कभार कार्रवाई होती भी है तो छोटी मछली को पकड़कर खानापूर्ति कर दी जाती है।

सत्ती के बाद चांपा क्रिकेट सट्टे के मामले में हमेशा से सूर्खियों में रहा है। यहां क्रिकेट के हर सीजन में लाखों करोड़ों रुपए के सट्टा खेलाए जाने की खबरें भी लगातार आती रही है। सूत्रों के मुताबिक चांपा में अभी भी सट्टा पूरे शबाब पर है। सटोरिए अपने मुंशियों के जरिए सट्टा खिला रहे हैं और प्रमुख सटोरियों बड़े आराम से सार्वजनिक तौर पर लोगों के बीच खुद को रखने की कोशिश कर रहे है। ताकि किसी को भी इन सटोरियों पर शक न हो।

लेकिन खबरें ये भी आ रही है कि क्रिकेट सट्टे का यह खेल आईडी के जरिए हो रहा है। जिस तरह एक तय राशि का मोबाइल रिचार्ज होता है, उसी तरह क्रिकेट सट्टा भी तय राशि का आईडी तैयार खेला जा रहा है। तय राशि की आईडी बनने के बाद उस राशि का उपयोग क्रिकेट सट्टा खेलने के लिए किया जाता है।

## चौथिया कार्यक्रम में जा रहे लोग हुए हादसे का शिकार, स्पांट पर महिला और बुजुर्ग की मौत

जोहार छत्तीसगढ़ रतनपुर।





बिलासपुर जिले में बेटी के ससुराल चौथिया के लिए जा रहे 40 लोगों से भरी पिकअप ग्राम सोनपुरी में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला और एक बुजुर्ग समेत 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं 38 लोग घायल हैं, जिनमें से 15 लोगों की हालत गंभीर है। मामला कोटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगहना चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, बेलगहना क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी में रहने वाले रामायण भानू की बेटी की शादी 2 दिन पहले मटियाडांड में रहने वाले युवक से हुई है। शनिवार को परिवार के लोग चौथिया के लिए पिकअप में सवार होकर बेटी के ससुराल मटियाडांड जा रहे थे। पिकअप में परिवार की महिलाओं समेत 40 लोग सवार थे। पिकअप के ड्राइवर ने गांव से निकलते ही गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। गांव से निकलकर तालाब के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई। पिकअप सड़क से उतरकर पलट गई। इससे पिकअप सवार कुछ लोग गाड़ी के नीचे दब गए। वहीं, ज्यादातर लोग दूर जाकर गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना देने के साथ ग्रामीणों ने ही घायलों को अस्पताल में पहुंचाएं जिसमें से 5 हालत नाजुक रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिम्स रेफर किया गया है।

## एक नजर

### स्वच्छ धरा समिति का किया गया सम्मान

**बालोद।** स्वच्छ धरा समिति छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा लगातार 54 सप्ताह बिना रुके हर मौसम में स्वच्छता एवं पर्यावरण प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। समिति के इस सामाजिक कार्य से प्रभावित होकर स्वच्छता एंव पर्यावरण प्रेमी संस्था भिलाई इस्पात मजदूर संघ जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र में वर्तमान में मान्यता प्राप्त यूनियन है,उन्होंने स्वच्छ धरा समिति ,छत्तीसगढ़ की टीम को होली मिलन समारोह के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री विजय बघेल जी के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। श्री विजय बघेल ने समिति के इस निस्वार्थ कार्य की सराहना की एवं शुभकामनाएँ दी और उन्होंने इस जागरूकता अभियान को निरंतर जारी रखने की सलाह दी,क्योंकि वे स्वयं स्वच्छता के सिपाही हैं इस अवसर पर स्वच्छ धरा समिति, छत्तीसगढ़ संरक्षक बीरेन्द्र देशमुख, प्रदेश अध्यक्ष नवनीत हरदेल, प्रदेश संयोजक ऋषि प्रसाद देशमुख, प्रदेश मीडिया प्रभारी भीषम देशमुख, भिलाई अध्यक्ष सुरेंद्र साहू , प्रदेश कार्यकारिणि सदस्य सरोज टहनगुरिया, श्वेता जैन, होत्रि वर्मा, लीलेश्वर देशमुख, विजय वर्मा, अर्जुन जाल, गोपाल चोपकर तथा बीएमएस महामंत्री चिन्ना केशवलु , विनोद उपाध्याय, अनिल गजभिए शामिल हुए।

### जिला पंजीयक वाढेरा को दी विदाई

**बालोद।** स्थानीय जिला पंजीयक कार्यालय में विगत दिन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रही जिला पंजीयक अधिकारी श्रीमती मीना वाढेरा को बधाई एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए समस्त अन्य अधिकारी तथा कर्मचारियों ने शाल -श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर श्रीमती वाढेरा अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि,विभागीय कार्यों में सभी ने मुझे पूरा सहयोग किया, खासकर ऐसे परिस्थितियों में जब उच्च अधिकारीयों के निर्देशों का समयावधि पालन आदि हो। कभी-कभी मुझसे भी सहयोगियों को कठोर शब्द का प्रयोग कर दिया गया, किन्तु किसी ने भी नाराजगी जाहिर नहीं की,बल्कि कार्य की गंभीरता को समझा । अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बालोद उपपंजीयक वेद प्रकाश सहारे ने सम्बोधित करते हुए बताया कि श्रीमती वाढेरा जी का उन्हें सदैव ही समुचित मार्गदर्शन मिलता रहा, यह सुखद अनुभव अविस्मरणीय रहेगा। गुरुर उपपंजीयक श्रीमती रश्मि सोनी ने कहा कि श्रीमती वाढेरा जी ने छग राज्य के जिन स्थानों में भी अपनी सेवाएं दीं सराहनीय है, कार्यालीन स्टाप को परिवारिक माहौल भी प्रदान किया। इस कड़ी में बालोद दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे ने श्रीमती वाढेरा के आदर्श व्यवहार व सफल नेतृत्व का वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही उपपंजीयक विजय मुले,लोहारा उपपंजीयक दिनेश लाड़के सहित नरेंद्र यादव, विजय त्रिपाठी, पंकज साहू, पूनम मेश्राम एवं बालोद दस्तावेज लेखक संघ से शिव कुमार सिंह गौतम, जुनैद कुरैशी, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, गोल्डी सिंह गौतम,जनक चंद्राकर, मनोहर लाल साहू एवं स्टाम विक्रेता सदस्य गण उपस्थित थे।

### एचटीपीपी कर्मियों ने कबाड़ से बनाया विक्रम लैंडर व साइलो माडल

-सुंदर कलाकृति प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**कोरबा ।** संरक्षा विभाग हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के तत्वावधान में संयंत्र में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों (स्क्रैप मटेरियल) को सुंदर कलाकृति का स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक सुंदर कलाकृति निर्मित की। इसमें चंद्रयान उपग्रह के साथ विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड, स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान - तेजस के प्रोटोटाइप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही संयंत्र की 500 मेगावाट विस्तार इकाई में स्थित ऐश हैंडलिंग प्लांट के साइलो माडल, रिले टेस्ट बोर्ड, हाट एयर सर्कुलेशन लैंप, अलंकारी सामग्रियों, सुरक्षित कामगार, सुरक्षित पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही बरगद के वृक्ष, सूरजमुखी के पौधे एवं बैल गाड़ी की प्रतिकृति द्वारा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया।

## मतदाताओं को जागरूक करने जनपद पंचायतो में नागरिकों ने निकाली साइकिल रैली



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिला से लेकर जनपद पंचायत तक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जनपद पंचायतों में सुबह से ही बड़े उत्साह के साथ ग्रामीण, स्व-सहायता समूह, सामाजिक संगठन की महिलाएं, अधिकारी कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान सभी ने साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए नारे भी लगाए। जनपद पंचायत बम्हनीडीह में सायकल रैली का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई और नागरिकों ने मताधिकार का प्रयोग करने शपथ ली।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पामगढ़ में विशाल मतदाता जागरूकता रैली बोहारिक चौक से डीएव्ही स्कूल तक निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बाइक मार्च किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत अकलतरा, बलौदा एवं नवागढ़ में भी आयोजन किया गया।

### मतदाताओं को जागरूक करने 31 मार्च को राशन दुकानो में किया जायेगा प्रचार प्रसार-

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को राशन वितरण केंद्रों में प्रचार प्रसार के माध्यम से किया जाएगा।

## मतदाता एक सप्ताह में करवा ले वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना और सुधार कार्य, कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने जिले के छूटे मतदाताओं और अन्य मतदाताओं से अपील किया है कि वे आगामी एक सप्ताह में अपना वोटर आईडी बना ले और यदि वोटर आईडी में कोई गलती है तो उसका सुधार करा ले। इस कार्य के लिए वोटर हेल्पलाइन एप और अपने नजदीकी बीएलओ या तहसील कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। यह कार्य एक सप्ताह के बाद कर पाना मुश्किल है क्योंकि ससंदीय क्षेत्र रायगढ़ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये एवं जांजगीर चांपा अनुसूचित जाति वर्ग के लिए से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन 12 अप्रैल 2024 शुक्रवार को होगा। इसी प्रकार अब भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वाले वृद्धजन, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता रखने वाले दिव्यांगजन एवं कोविड-19 के संदिग्ध अथवा मतदाता भी निर्धारित प्रारूप 12, के माध्यम से निर्वाचन की अधिसूचना दिनांक के 5 दिवस के अंदर संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफि सर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे वह डाक मतपत्र के माध्यम से उनके निवास गृह पर ही वोटिंग कर सकेंगे। उपरोक्त श्रेणी के अतिरिक्त सेवा मतदाताओं को इटीपीबी भेजा जाएगा जिस पर वे अपना मत रिकॉर्ड कर इसे डाक के माध्यम से प्रेषित करेंगे। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी मतदाताओं को भी डाक मतपत्र के माध्यम से सहायक रिटर्निंग ऑफि सर द्वारा विहित सुविधा केन्द्र में मतदान की पात्रता रहेगी।

जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति

जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन करेगी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई-समाचार पत्र, बल्क एसएमएम,वॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमश: राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी अनुमति लेंगे।

### सी-विजिल

भारत निर्वाचन आयोग ईसीआई के आधुनिक सॉफ्टवेयर और तकनीक के बारे में बताया कि आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में नागरिकों के सहभागिता बढ़ाने एवं शिकायतें के त्वरित निराकरण के लिए आयोग द्वारा निर्मित सी.विजिल एप्लीकेशन को और भी सशक्त बनाया गया है। अब आम नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के मामलों की शिकायत लाइव फ ोटोग्राफ एवं वीडियों के साथ-साथ ऑडियो क्लिप के माध्यम से भी कर सकेंगे। यदि कोई नागरिक जिले में आचार संहिता उल्लंघन की कोई घटना देखता है, तो सी-विजिल एप्लीकेशन का उपयोग करते हुए घटनास्थल की एक फ ोटो या 2 मिनट की वीडियो या ऑडियो क्लिपिंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से शिकायत कर सकता है।

### सुविधा एप

सुविधा एप्लीकेशन सुविधा डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन के माध्यम से अभ्यर्थी अपना नामांकन फ ॉर्म एवं शपथ पत्र ऑनलाईन भी प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने के बाद अभ्यर्थी को एक स्लॉट का चयन कर निर्धारित तिथि एवं समय पर भौतिक सत्यापन एवं नियत शुल्क भुगतान हेतु रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इस एप्लीकेशन का उपयोग कर रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए भी ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

### वोटर हेल्पलाईन

वोटर हेल्पलाईन और वोटर सर्विस पोर्टल, मोबाईल ऐप की सहायता से कोई भी नागरिक, मतदाता सूची में अपना नाम खोजने, पंजीकरण, संशोधन अथवा विलोपन के लिए फ ॉर्म जमा करने, मतदान केन्द्र एवं बीएलओ के बारे में जानकारी प्राप्त करने, मतगणना के परिणाम जानने, शिकायत करने, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने का कार्य आसानी से कर सकते हैं। वोटर सर्विस पोर्टल वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन में भी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने, विलोपन अथवा संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ-साथ मतदाता अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं एवं ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकते हैं। इस पोर्टल में मतदाता सर्च सुविधा, मतदाता सूची का लिंग एवं निर्वाचन संबंधित सभी अधिकारियों की सूची भी प्राप्त की जा सकती है।

### एनजीआरएस पोर्टल

एनजीआरएस इस पोर्टल का उपयोग मतदाता द्वारा मतदाता परिचय पत्र प्राप्त न होना, आवेदन फ ार्म का निराकरण न होना या आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों को दर्ज करने के लिये किया जा सकता है।

### सक्षम एप्प

सक्षम एप्प से दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा यह एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से दिव्यांगजन निर्वाचक नामावली में अपनी दिव्यांगता दर्ज कराने हेतु आवेदन कर सकेंगे। साथ ही मतदान दिवस में व्हीलचेयर हेतु आवेदन कर सकेंगे।

### केवायसी एप

*केवायसी एप के माध्यम से निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारियां प्राप्त हो सकेगी। यदि अभ्यर्थी का कोई अपराधिक पूर्ववृत्त है, तो इसकी जानकारी भी इस एप में उपलब्ध होगी। ईएसएमएस एप्लीकेशन के माध्यम से जिले के स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दल सभी प्रकार की जब्ती की कार्यवाही कर सकेंगे। मतदाता सूची में अपना नाम सर्च करने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट सीईओ छत्तीसगढ़ डॉट एनआईसी डॉट इन और इलेक्ट्रॉलसर्च डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन में जाकर अपनी डिटेल देख सकते है। विधानसभा की मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची भी इसी लिंक में डाउनलोड की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल 2024 शनिवार, नाम वापसी की अंतिम तिथि दिनांक 22 अप्रैल 2024 सोमवार, मतदान की तिथि दिनांक 07 मई 2024 मंगलवार, मतगणना की तिथि दिनांक 04 जून 2024 मंगलवार है।*

# जांजगीर में बीएसपी का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कसडोल।

जिला मुख्यालय जांजगीर के शारदा मंगलम में बसपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रोहित डहरिया को जिताने,कार्यकर्त्ताओं में जोश भरने व रणनीति तैयार करने के लिए, बहुजन समाज पार्टी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चाम्पा के तत्वावधान में लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन रखा गया।



जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में एनपी अहिरवार केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बसपा, मनीष आनंद केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बसपा, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा छग,दूजराम बौद्ध पूर्व विधायक पामगढ़, इंदु बंजारे पूर्व विधायक पामगढ़, राधेश्याम सूर्यवंशी जोन प्रभारी बसपा, संतोष यादव जोन प्रभारी बसपा,कार्यक्रम की अध्यक्षता उदल किरण पूर्व प्रदेश महासचिव बसपा उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्मदा प्रसाद अहिरवार ने बहन कु मायावती के उपलब्धियों को बताते हुए किन किन मुद्दों को लेकर मैदान में जाना है, अनेको चुनावी रणनीति पर अपनी बात रखी। वही केंद्रीय कोऑर्डिनेटर मनीष आनंद ने एक वोट एक नोट पर जोर देते हुए अपनी बात रखी और युवाओं में जोश भरा, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया की अन्य राजनितिक दलों द्वारा अवैध रूप चंदा इलेक्ट्रीरल बांड को बताते हुए कहा की बसपा ही एकमात्र ईमानदार पार्टी है, साथ ही पूर्व विधायक दूजराम बौद्ध ने बताया की हमारा लोकसभा का प्रत्याशी डॉ रोहित डहरिया को सर्वसहमति से प्रत्याशी बनाये गए है जिनके समर्थन में सभी कार्यकर्त्ताओ में एकजुटता है, पूर्व विधायक इंदु बंजारे ने कहा की हमारा लोकसभा प्रत्याशी लम्बे समय से निष्ठावान कार्यकर्ता रहे है, जिन्होंने जनपद, जिला पंचायत,




विधायक आदि चुनाव को जिताने में अहम भूमिका निभाए है जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। कार्यक्रम में लोकसभा क्षेत्र जांजगीर के वरिष्ठ पदाधिकारियों में संतोष देवांगन जी आर बंजारे लालसाय खुटे, डी डी बर्तमसी, मनहरण मनहर, मुकेश रात्रे, जीवराज प्रकाशित रात्रे, संजय धारिया, रामकुमार चंद्र, भागवत जायसवाल, नारायण साहू, लक्ष्मी प्रसाद महेश, लखन लाल साहू, ईश्वरी साहू, महेश कश्यप, शत्रुहन नेताम, भोगी पाटले, मोहन सिंह, रामकुमार किरन, रवि रविंद्र, अरुण महिलागे, रामकुमार कुर्रे, फेकूराम बर्मन, जशपाल दर्वेश, दयाराम खुराना समस्त जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष गण, सेक्टर व पोलिंग के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता गण उपस्थित होकर जीत के लिए हुंकार भरी।

## एक नजर

### भयादोहन कर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए लाखों रुपए की वसूली करने वाले आरोपियों के विरुद्ध किया अपराध पंजीबद्ध

जोहार छत्तीसगढ़-बालोदाबाजार।




थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र.250/2024 धारा 384,389,34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, शिरीष पांडे, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा उसके पश्चात पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला बलौदाबाजार भाटापारा पुलिस द्वारा अपराध से संबंधित सुसंगत साक्ष्य के संकलन के लिए विधि द्वारा विहित प्रावधान के परिपालन में सर्च वारंट जारी कर संदेहियों के निवास एवं अन्य ठिकानों में सर्च अभियान जारी किया जा रहा है। प्रकरण के मुख्य सरगना दुर्गा टंडन, मोंटी उर्फ प्रत्युष मरैया, शिरीष पांडे अभी फरार है। दुर्गा टंडन के घर के बाहर पुलिस बल लगा दिया गया है । प्रकरण के सरगना की पता तलाश के लिए पुलिस की 05 स्पेशल टीम का बनाकर लगातार पतासाजी किया जा रहा है। अभी तक की जांच विवेचना कार्यवाही में आरोपियों द्वारा 02 पीड़ितों से भयादोहन कर लगभग 25 लाख रुपए की वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित, जिनको डराकर, धमकाकर, पैसा वसूली की गई है, वह भी थाना सिटी कोतवाली आकरए अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

### नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म, आरोपी चाचा जेल दाखिल

**कोरबा** । शराब के नशे में धुत चाचा ने अपनी 16 साल की नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी परिवार में किसी भी सदस्य को देने पर मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपित चाचा को शराब भट्टी से गिरफ्तार किया। सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक परिवार के सदस्य काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। घर पर उनकी 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। इसी बीच शराब के नशे में धुत चाचा की नीयत बदल गई और उसने अकेली भतीजी को देख दुष्कर्म किया। जब स्वजन वापस लौटे, तब नाबालिग ने घटना की जानकारी दी। स्वजनों ने बेटी को लेकर सिविल लाइन थाना जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि आरोपित शराब का आदी है और हमेशा शराब के नशे में रहता है। मना करने पर नहीं मानता था और अब नशेड़ी ने दुष्कर्म किया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन पोया ने बताया कि आरोपित चाचा के विरूद्ध मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी, पर फरार चाचा अलग-अलग जगहों पर छिप रहा था। इस बीच मुखबिर से निहारिका शराब भट्ठी के पास आरोपित के होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में शराब भट्ठी पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया।

### कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी: कौशिक

**कोरबा** । भारतीय जनता पार्टी के विधायक और लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा सीट के संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि कांग्रेस को कोरबा सीट से हार की चिंता सताने लगी है, इसीलिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सरोज पांडेय की उम्मीदवारी पर सवाल उठा रहे हैं। विधायक धरमलाल कौशिक ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत का नाम लिए बिना उन पर तगड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के किसी भी मतदाता से पूछ लीजिए सभी कह रहे हैं कि सरोज पांडेय जीत रही है और भाजपा का सांसद बनेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीट की बात करने वाले सरोज पांडेय के आने के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि 5 साल बाद जब आप मतदाता के पास वोट लेने जाते हैं तो उन्हें 5 साल का हिसाब भी देना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 साल के बाद मतदाताओं को हिसाब देते हैं।

## फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया रक्त पट्टी संग्रह



**बालोद।** बालोद जिले में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम के सूर्यवंशी के निर्देशानुसार डां पीएल मेरिया जिला मलेरिया अधिकारी बालोद की अगुवाई में जिले के सभी विकास खण्ड में दो दो चयनित स्थलों में जिसमें बालोद शहरी क्षेत्र के मरार पारा कुर्मी पारा नयापारा एवं दल्ली राजहरा के वार्ड 14 15 में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कुरूभाट (पुतरवाही) देवारभाट कुम्हारखान अरकार, परसतराई, चौरेल, कोसमी, खरथुली में रात्रिकालीन रक्त पट्टी संग्रहण कराया गया। इस कार्य हेतु विकास खण्ड स्तर पर दलों का गठन किया गया था। यह कार्य 30 मार्च 2024 को रात्रि 08 बजे से 12.30 तक सभी स्थानों में किया गया। कार्यक्रम के पर्यवेक्षण एवं मानिटरिंग सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों बीईटीओ बीपीएम एवं पर्यवेक्षकों का विशेष योगदान रहा। जिला स्तर से मानिटरिंग की जिम्मेदारी आर के सोनबोईर सहायक जिला मलेरिया अधिकारी एवं सूर्यकांत साहू वीबीडी कन्सलटेंट व्दारा निभाई गई।

## नक्सलियों ने 4 ट्रकों को किया आग के हवाले

**नारायणपुर** । नक्सली अपनी कायराना करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। आज फिर से नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने 4 ट्रकों में आगजनी की है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर ओरछा मार्ग पर छोटेडोंगर के बीच बस्ती में आत्मानंदन स्कूल के पास नक्सलियों ने की बीती रात आगजनी की वारदात को अंजाम दिया। जिन चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले किया है वह अमदई लौह अयस्क परिवहन की है। वहीं घटना के दौरान वाहन के चालक और परिचालक को नक्सली अपने साथ ले गये थे। जिसके कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया। आगजनी के तुरंत बाद घटना स्थल पर जवानों ने कार्रवाई की।

# शोभा में चालीस लीटर कच्ची शराब जप्त दो आरोपी गिरफ्तार

## ओडिशा के नवरंगपुर की कच्ची शराब छग में हो रही थी तस्करी

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकरए एसडीओपी बाजीलाल सिंह के मार्गदर्शन के बाद जिले की पुलिस शराब तस्करी पर कड़ी नजर रख रही है



इसी के फ लस्वरूप शोभा थाना क्षेत्र में शोभा पुलिस ने ओडिशा नवरंगपुर जिले के कोकामोटा रायगढ के दो आरोपी को 40 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी एएस आई हिमाचल ध्रुव के नेतृत्व में एएस आई मनोज वर्मा प्रधान आरक्षक हेमंत यादव, आरक्षक राहुल तिवारी, देवेन्द्र सोनवानी, सतीश गिरी, दयानंद गौर, रेखराम, मिथिलेश नागेश, राजेश्वर, महावीर डीएसएफ आरक्षक माखन सोनवानी ने कच्ची शराब तस्करी करने वाले आरोपियों को घेराबंदी कर दबोच लिया।

### तीन प्लास्टिक जर्किन से मोपेड वाहन से कर रहे थे तस्करी

शोभा पुलिस हवाले से मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के 30 वर्षीय रामदेव पिता चौधरी, और 19 वर्षीय आनंद पिता बजरू टी व्ही एस की सी जी 23 जे 6114 नम्बर वाली मोपेड वाहन में 20 और 10-10 लीटर की प्लास्टिक जर्किन में कच्ची महुआ शराब परिवहन करते पकड़ाये जिसका अनुमानित लागत 6 हजार रूपये बताया जा रहा है। इस प्रकार गरियाबंद के शोभा पुलिस को कामयाबी मिली है।

### शराब रोकने ओडिशा और छग पुलिस की हाल ही में हुयी थी बैठक

शराब तस्करी रोकने बीते शुक्रवार को सीमावर्ती क्षेत्रों के अनुभाग स्तरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक हुयी थी और बैठक के एक दिन बाद ही गरियाबंद पुलिस को सफ्लता मिल गयी। शोभा पुलिस ने शराब तस्करी के इस मामले पर आबकारी एक्ट के तहत कारवाई कर ओडिशा के दोनों आरोपीयों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## विश्व विख्यात भजन सम्राट का खरसिया आगमन 23 अप्रैल को,भगवा रंग में झूमेगा खरसिया

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



धर्म नगरी खरसिया धार्मिक आयोजन के लिए हमेशा ही आगे रहता है। नगर के हिर्दय स्थल गंज बाजार पर स्थित 100 वर्ष सी भी अधिक प्राचीन हनुमान मंदिर खरसिया में हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जाता है। इस वर्ष 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सियाराम सखा मंडल हनुमान सेवा समिति द्वारा बड़े ही धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी की जा रही है। इस वर्ष विश्व विख्यात भजन गायकों का आगमन खरसिया में होने जा रहा है। जिसमे पूरे विश्व में प्रचिलित भजन चढ़ गया भगवा रंग रंग गाने वाली गायिका शहनाज अख्तर का आगमन खरसिया में होने जा रहा है साथ ही नवरात्रि में हर दुर्गा पांडाल में बजने वाले माता के अनेक मशहूर भजन मैया पांव पैजनया जेसे अनेक भजन शहनाज अख्तर द्वारा गाए गए है, वही विश्व में 3 नंबर पर अपनी जगह बनाने वाले विश्व सम्राट भजन गायक हनुमान गाथा राम गाथा के रचियता कुमार विशु भटनागर कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा गाना के रचइया विशु का आगमन भी खरसिया में होने जा रहा है। सियाराम सखा मंडल के मनोज गोयल ने बताया की पूरी समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूम धाम से मनाने की तैयारी की जा रही है, वही पूरे नगर में भजन गायकों को लेकर एवं हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बहुत ही उत्साह है।



# हर घर कमल निशान पहुंचाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य-विकास केडिया

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री हेतु भाजपा नेता विकास ने रायगढ़ में किया हर घर झंडा अभियान की शुरुआत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला भाजपा उपाध्यक्ष विकास केडिया ने बीते कल शनिवार 30 मार्च को भाजपा के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बूथ विजय संकल्प अभियान का शहर में शुभारम्भ किया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत उन्होंने अपने ही घर से करते हुए कहा कि महान उद्देश्य हेतु शुरू किए महान अभियान की शुरूआत स्वयं के घर परिवार और कार्यस्थल से ही होना चाहिए ताकि खुद में सकारात्मक ऊर्जा का संचार सदैव बना रहे। इस दौरान भाजपा नेता विकास केडिया और उनके साथ रायगढ़ शहर भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्तागण बूथ क्रमांक 01 और 13 में स्थित कई कार्यकर्ताओं के घरों सहित आम जनता के घर घर जाकर लोगों के घरों में कमल निशान का झंडा लगाते हुए लोगों से हाथ जोड़कर अपील करते देखे गए।

भाजपा नेता केडिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबका विकास हुआ है। उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा का कमल निशान घर-घर तक पहुंचाना है, हर घर में भाजपा का झंडा लहराना है जिसके लिए छत्तीसगढ़ की जनता को रायगढ़ लोकसभा सहित यहां की सभी 11 सीटों में भाजपा को जिताकर इस महान अभियान में अपना अमूल्य योगदान देना चाहिए। आगे केडिया ने दोनों ही बूथ कार्यकर्ताओं और आम जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की लबरा सरकार ने जनता से 36 वादा करके एक भी वादा ठीक से पूरा नहीं किया। पूरे पांच साल जनता को धोखे में रखाए लेकिन इस बार उसको सबका सिखाना है, उसका पूरा सफाया करना है। क्योंकि काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है और कांग्रेस द्वारा मिले धोखे को जनता अच्छे से समझ चुकी है, इसलिए इस बार फिर देश के यशस्वी नेता व सशक्त और समृद्ध आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु तीसरी बार भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीताना होगा।

# बूंद - बूंद पानी को मोहताज सुगापारा के ग्रामीण

## 21वीं सदी में भी ढोड़ी का दूषित पानी पीने को मजबूर ग्राम पंचायत रैरूमाखुर्द के ग्रामीण



जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।

**रायगढ़ जिले के विकास खण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत रैरूमाखुर्द के सुगापारा मुहल्ले के ग्रामीण इन दिनों बुनियादी सुविधाओं के आभाव में जीवन यापन करने मजबूर है ।**

### विडंबना

ग्रामीण गर्मी के दिनों में पीने की शुद्ध पानी के लिए पिछले कई वर्षों से इधर उधर भटकने के कारण बहुत परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पीने कि पानी के लिए बड़ी दूर - दूर से पानी लाकर प्यास बुझाना पड़ता है । जबकि इसके बारे में पंच, सरपंच तथा सचिव को कई बार निवेदन किया जा चुका है, पर उनके द्वारा भी ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण आए दिन ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां की हकीकत के बारे में आप तस्वीर में देख कर अनुमान लगा सकते हैं। लोग 21 वीं सदी में भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नरक में जीवन यापन करने को मजबूर है। यह पूरा वाक्या रायगढ़ जिले के विकास खण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत रैरूमाखुर्द के सुगापारा मुहल्ले की है। जो कि धरमजयगढ़ मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां के लोगों का कहना है कि पानी के अभाव में ग्रामीण नदी नाले व ढोड़ी का पानी पीकर लोग अपनी प्यास बुझाते हैं। जबकि धरमजयगढ़ विकास खण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिले का सबसे पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है। जहां पर आदिवासियों के उत्थान के लिए प्रति वर्ष शासन - प्रशासन द्वारा करोड़ों रूपये खर्च किया जाता है। लाखों करोड़ों खर्च करने के बाद भी हालात बद से बत्तर है, ऐसे में इस क्षेत्र में क्या विकास हुआ होगा इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। जहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर कि ठोकर खाने को मजबूर हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ना ही पीने का स्वच्छ पानी नसीब हो रहा है ।

ना ही प्रधानमंत्री आवास ना गांव में शौचालय का निर्माण किया गया है । ऐसे में आप ही बताए कि कहां पर और क्या विकास हुआ है? आजादी के 75 साल बाद भी सुगापारा के ग्रामीण नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं । शासन - प्रशासन कि अनदेखी का नतीजा है या यूं कहें कि सिस्टम का फैलियर होने का जीता जागता नमूना है। आज तक न यहां सरकार के नुमाइंदे पहुंचे हैं और ना ही यहाँ के क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि। चुनाव आते ही यहां विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता तरह - तरह के लोक लुभावन वादा कर व्होट मांगने तो जरूर आ जाते हैं, पर जैसे ही चुनाव खत्म होता है । लोग क्षेत्र से नदारत हो जाते हैं ऐसे में यहां कि जनता बेचारी क्या भी कर सकती है । रैरूमाखुर्द के सुगापारा के ग्रामीण किसी तरह अपनी गुजार बसर करने को मजबूर है।





बूथ विजय अभियान

# स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाकार्यसमिति की बैठक संपन्न





**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए भारतीय जनता पार्टी लगातार विभिन्न कार्यक्रमों और अभियानों के तहत कार्यकर्ताओं को चार्ज करने में जुटी हुई है. इसी सिलसिले में जिला भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति का आयोजन किया गया. बैठक में सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर ,महामंत्री संतोष पटेल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ,उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू,भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , कवर्धा विधानसभा संयोजक तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पियूष ठाकुर ,प्रदेश कार्यसमिति, सदस्य युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम साहू,साथ सभी मंडल अध्यक्ष,महामंत्री एवं जिला पधाधिकारी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से साँसद प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया । बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया ।

इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी में कमल का निशान ही हमारा प्रत्याशी होता है ,सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किये है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे । केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया,caa ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाये वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान,शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाये । मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है । वही पूर्व विधायक अशोक साहू एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा । बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया । बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेंगे ।

# भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति एवं कोर ग्रुप की बैठक में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

## विजय शर्मा ने ली प्रबंधन समिति सदस्यों की जांजगीर जिला कार्यालय में बैठक




जोहार छत्तीसगढ़ – जांजगीर।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का आगमन 31 मार्च को दोपहर 3 बजे जांजगीर स्थित हेलीपैड में हुआ जहा उनका आत्मीय स्वागत किया गया तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिती की बैठक में पहुंचे सर्वप्रथम भारतमाता एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण उपस्थित प्रबंधन समिती के सदस्यों के साथ किया अपने उद्बोधन में प्रबंधन समिति सदस्यों से लोक सभा चुनाव में अपने कार्यों के द्वारा सशक्त भूमिका निभाने कहा साथ ही जरूरी टिप्स दिए विजय शर्मा जी ने लोक सभा प्रबंधन समिति के सदस्यों से एक एक कर बात की और उनको मिली जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला उनके करणीय कार्यों पर विस्तार से चर्चा किया उक्त बैठक शाम 6 बजे तक चला विजय शर्मा जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न इस कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जी लोकसभा संयोजक सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, सहसंयोजक पूर्व विधायक खिलावन साहू सांसद प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े पूर्व सांसद कमला देवी पाटले जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला जांजगीर जिला के अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल लीलाधर सुल्तानिया गिरधर गुप्ता कमला पाटले अंबेश जांगडे प्रशांत सिंह ठाकुर प्रदीप सराफ संजय रामचंद्र रामनरेश यादव भुवन भास्कर यादव दिनेश सिंह कार्तिकेश्वर स्वर्णकार अतुल शर्मा दीपक गुप्ता टिकेश्वर गबेल पुरुषोत्तम शर्मा घनश्याम साहू विक्रम प्रताप जितेंद्र देवांगन सक्ती एवम प्रबन्धन समिति के प्रभारी सहप्रभारी संयोजक गण के साथ जिला के मीडिया पंकज अग्रवाल मनोज मिश्रा धनंजय नामदेव सक्ती उपस्थित रहे।

# दीवारों पर नारा लिखकर मतदाताओ को जागरूक कर रहा जिला प्रशासन

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़ बिलाईगढ़।




जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक और मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर परियोजना निदेशक पंचायत सह नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान हरिशंकर चौहान के निर्देशन में जिले के गांवों शहरों के दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा गांव-गांव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियां जिले में संचालित करते हुए लोगों को जागरुक किया जा रहा है और मतदाता सामूहिक शपथ का आयोजन भी किया जा रहा है। दीवारों में नारा लिखा गया, उनमें प्रमुख रूप से है। सोच समझकर बटन दबाना, बहकावे में कभी ना आना, वोटर लिस्ट में नाम लिखायें, ईपिक कार्ड सभी बनवाएं, मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार, एक वोट से होती है जीत हार, वोट न कोई बेकार।







# सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देगी कांग्रेस सरकार

## कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा भी करती है–ज्योत्सना महंत

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।



कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुईया, भटगांव, सराईपाली, परसाखोला, मुड़धोआ, रोकबहरी, बेलाकछार, बेला, दोंदरो का दौरा किया व बैठक ली। गांवों में पहुंचने पर सांसद का ग्रामीणों एवं खासकर महिलाओं के द्वारा परंपरागत आत्मीय स्वागत किया गया। ज्योत्सना महंत ने लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे पूरा भी करती है। देश के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपने प्राण भी न्यौछावर किए इसके बारे में सबको पता है। इस पार्टी को देश की जनता आगे बढ़ा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनते ही 2 घंटे के भीतर किसानों का पूरा कर्जा माफ किया गया। बिजली बिल हाफ करने की योजना का क्रियान्वयन व इसका लाभ तुरंत मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना में हर महिने 8333 रुपए दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी हम दे रहे हैं। किसानों के लिए विशेष कानून भी हम पारित करेंगे। इन सबके लिए हमें कांग्रेस को चुन कर सरकार बनाना है। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की बात दोहराई। जनसंपर्क के दौरान शशिकला पाण्डेय, पीसीसी के संयुक्त सचिव हसन अली, फरियाद अली, जनपद सदस्य बलराम साहू सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in